
राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

# फरीदाबाद की आवाज़

Email : faridabadkiawaz@gmail.com
RNI No. -DELHIN/2017/76338

वर्ष : 07 अंक : 10 दिल्ली से प्रकाशित सोमवार 5-11 फरवरी 2024 Website : faridabadkiawaz.com मूल्य : 5/- रु. पृष्ठ : 8



देश की आवाज़

## 2004 वाली गलती न करें

# लोकसभा चुनाव से पहले मोदी ने मंत्रियों को दी चेतावनी

**गठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर खींचतान मची है लेकिन फिर भी सबसे बड़े अल्पसंख्यक समुदाय सहित इसके समर्थक बड़ी संख्या में भाजपा को सत्ता से बाहर करने की एकमात्र इच्छा के साथ सामने आएंगे।**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कैबिनेट मंत्रियों को आगामी लोकसभा चुनाव से पहले चेतावनी दी है। पीएम मोदी का कहना है कि मंत्री किसी राजनीतिक विश्लेषकों के बहकावे में न आएं और आगामी 2024 लोकसभा चुनाव के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करें। मंत्रियों को मोदी की नसीहत ऐसे समय में आई है जब अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह ने हिंदी पट्टी सहित देशभर में भाजपा के लिए अनुकूल माहौल पैदा किया है।पीएम मोदी ने अपने मंत्रियों से कहा है कि जब तक काम पूरा नहीं हो जाता तब तक उसे पूरा हुआ नही माना जा सकता है। पार्टी को अभी भी 2004 के चुनावों का डर सता रहा है, जहां भाजपा नेतृत्व आखिरी पड़ाव पर लापरवाही बरत रहा था। सोनिया गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस लोकसभा में भाजपा से केवल सात सीटें आगे रहकर सबसे बड़ी पार्टी बन गई और अगले 10 वर्षों तक सत्ता में बनी रही। कांग्रेस ने यूपीए गठबंधन बनाया और मनमोहन सिंह लगातार दो बार प्रधानमंत्री बने।

मौजूदा माहौल को देखते हुए भाजपा नेताओं ने ÷अबकी बार 400 पार÷ पर विश्वास करना शुरू कर दिया है। लेकिन पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का सीटों की संख्या को लेकर कोई लापरवाही नहीं बरतना चाहते हैं। यही वजह है कि जाति-प्रभुत्व वाले बिहार में जेडी(यू) के साथ गठबंधन किया गया और ओडिशा में बीजेडी के साथ सकारात्मक माहौलबनाने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी है।बढ़ती अर्थव्यवस्था और वैश्विक दबदबे के चलते मोदी सरकार की लोकप्रियता में कोई कमी नहीं आई है। हालांकि सरकार द्वारा किए गए चौतरफा काम के बावजूद, भाजपा को यह सुनिश्चित करने के लिए अपने ÷पन्ना प्रमुखों÷ पर निर्भर रहना होगा कि उसके समर्थक मतदान केंद्र तक पहुंचें और मतदान करें। नाकि यह सोचकर समय बर्बाद करें कि पीएम मोदी तीसरी बार सत्ता में आ ही रहे हैं। भले ही इंडिया गठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर खींचतान मची है लेकिन फिर भी सबसे बड़े अल्पसंख्यक समुदाय सहित इसके समर्थक बड़ी संख्या में भाजपा को सत्ता से बाहर करने की एकमात्र इच्छा के साथ सामने आएंगे। विपक्ष का उद्देश्य संख्या बल के आधार पर सरकार गठन करना है और भाजपा को सत्ता से बाहर करना है।भाजपा रामलला के आशीर्वाद से हिंदी पट्टी में फ्रंट-फुट पर खेल रही है।

लेकिन इसके बावजूद पार्टी और आरएसएस नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए अपने समर्थकों को उत्साहित करने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। हालांकि, पार्टी को कर्नाटक में अपनी संख्या और अधिक बनाए रखने और तमिलनाडु में डीएमके व केरल में वामपंथी गढ़ को तोड़ने कड़ी मशक्कत करनी होगी। यही बात पश्चिम बंगाल के लिए भी सच है क्योंकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भाजपा के खिलाफ पूरी ताकत से लड़ेंगी और पिछली बार से लोकसभा सीटों की संख्या कम करने की कोशिश करेंगी।



## प्रधानमंत्री रोड शो के लिए गुवाहाटी जाते हैं, लेकिन इंफाल नहीं जा सकते, कांग्रेस का पीएम मोदी पर हमला

**नेशनल डेस्क.** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर मणिपुर के लोगों के साथ ''घोर अन्याय करने का आरोप लगाते हुए रविवार को कहा कि राज्य की स्थिति पर मोदी अब भी ''पूरी तरह खामोश हैं। विपक्षी दल ने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह की गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के एक दिन बाद यह बयान दिया है।

**मणिपुर पर पीएम की चुप्पी बरकरार**

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर शाह और मुख्यमंत्री की बैठक संबंधी खबर को संलग्न करते हुए कहा, ''नौ महीने हो गए लेकिन प्रधानमंत्री के साथ कोई बैठक नहीं हुई। मणिपुर पर प्रधानमंत्री की पूर्ण चुप्पी बरकरार है। उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री रोड शो के लिए गुवाहाटी जाते हैं, लेकिन वह इंफाल नहीं जा सकते और न ही जाएंगे। रमेश ने कहा, ''प्रधानमंत्री का मणिपुर के लोगों के साथ यह घोर अन्याय है।



मणिपुर के मुख्यमंत्री सिंह ने शाह के साथ बैठक के बाद शनिवार को कहा था कि केंद्र सरकार इस राज्य के लोगों के हित में ''कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लेने की तैयारी में है। बैठक में दोनों नेताओं ने मणिपुर से संबंधित सर्वाधिक महत्व के मामलों पर चर्चा की।

**हिंसा में 200 से अधिक लोगों की मौत**

बहुसंख्यक मेइती समुदाय की अनुसूचित जनजाति के दर्जे की मांग के विरोध में पर्वतीय जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च आयोजित करने के बाद तीन मई, 2023 को मणिपुर में जातीय हिंसा भड़क गई थी। तब से जारी हिंसा में 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।

## CM योगी आदित्यनाथ की अपील- मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री की कुर्सी सौंपिए, भारत तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को जनता से आह्वान करते हुए कहा कि ''नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की कुर्सी सौंपिए, भारत तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को मगहर...

**उत्तर प्रदेश.** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को जनता से आह्वान करते हुए कहा कि ''नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की कुर्सी सौंपिए, भारत तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को मगहर कबीर महोत्सव-2024 के समापन समारोह में 360 करोड़ की 114 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास करने के बाद समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि देश बदल रहा है, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नए भारत में 140 करोड़ लोगों का गौरव बढ़ा है।

**शक्तिशाली होने पर देश समर्थ होता है, समर्थ होने से समृद्धि आने लगती: CM योगी**

मिली जानकारी के मुताबिक, शनिवार को जारी एक अधिकारिक बयान के अनुसार योगी ने कहा कि शक्तिशाली होने पर देश समर्थ होता है, समर्थ होने से समृद्धि आने लगती है। इस समृद्धि को देखते हुए भारत आज दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। योगी ने जनता से आह्वान किया कि 2024 में मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की कुर्सी सौंपिए, भारत तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। इसका मतलब हर नागरिक के जीवन में परिवर्तन होगा, प्रति व्यक्ति आय बढ़ेगी। बयान के अनुसार संत कबीर स्थली पर 600 जोड़ों के सामूहिक विवाह में पहुंचे मुख्यमंत्री ने उन्हें आशीर्वाद भी दिया। योगी ने बटन दबाकर 'इंटीग्रेटेड कमांड व कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) की शुरुआत भी की।



**मध्यकाल के इस महान संत ने चुनौती को किया था कबूल: CM योगी**

आपको बता दें कि योगी आदित्यनाथ ने कबीर की चर्चा करते हुए कहा कि मध्यकाल के इस महान संत ने चुनौती को कबूल किया था। मगहर के बारे में मान्यता थी कि यहां जाने पर नरक मिलता है, यह बंजर क्षेत्र था।

यहां की मिट्टी नमकीन और पानी खारा था, लेकिन उनके चमत्कार ने इसे स्वर्णमयी बना दिया। उन्होंने कहा कि यहां पवित्र आमी नदी बह रही है। जैसी फसलें सब जगह होती हैं, वैसे ही यहां भी होती हैं।

## सम्पादकीय

# भारत रत्न के मायने

हाल के वर्षों में यह विषय चर्चा में रहा है कि भाजपा के उभार में निर्णायक भूमिका निभाने वाले लालकृष्ण आडवाणी पार्टी के स्वर्णिम काल में किस भूमिका में हैं। यानी मार्गदर्शक मंडल के रूप में उनकी भूमिका क्या है। एक समय था जब भाजपा का नाम लिया जाता था तो पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी के नाम सामने आते थे। ऐसी ही चर्चा पिछले दिनों अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान उनकी अनुपस्थिति को लेकर होती रही। लेकिन केंद्र सरकार ने बीते शनिवार को पहले जनसंघ और बाद में भाजपा के सूत्रधार रहे लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न सम्मान देकर ऐसे तमाम सवालों पर विराम लगाने का प्रयास किया। राम मंदिर आंदोलन के अगुवा रहे और सोमनाथ यात्रा के जरिये मंदिर आंदोलन में उफान लाने वाले आडवाणी को सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिए जाने से पार्टी व आनुषंगिक संगठनों के वे पुराने लोग उत्साहित हैं, जिन्होंने पार्टी के दो सांसदों से लेकर पूर्ण बहुमत वाली भाजपा सरकार का दौर देखा है। कुछ दिन पूर्व ही बिहार में सोशल इंजीनियरिंग के सूत्रधार व बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया था। अब तक भाजपा अपने एक दशक के कार्यकाल में सात लोगों को भारत रत्न देने की घोषणा कर चुकी है। अभी तक दिये गए भारत रत्नों में लालकृष्ण आडवाणी का स्थान पचासवां है। कुछ लोग इस निर्णय को चुनावी परिदृश्य से जोड़ते हैं तो कुछ लोग प्राण प्रतिष्ठा की सार्थक परिणति से, क्योंकि 1991 की रथयात्रा के सूत्रधार आडवाणी ही थे। वहीं कुछ लोग मानते हैं कि आडवाणी सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के अगुवा रहे भाजपा नेताओं की एक पीढ़ी के मार्गदर्शक रहे। जिसमें मौजूदा प्रधानमंत्री भी शामिल रहे हैं। राजनीतिक पंडित मानते हैं कि नरेंद्र मोदी को गुजरात का मुख्यमंत्री बनाने में भी आडवाणी की भूमिका रही। यही नहीं, वे गुजरात में आडवाणी की रथ यात्रा के सारथी भी रहे हैं। कहा जा रहा है कि भारत रत्न आडवाणी को देना गुरुदक्षिणा देने जैसा भी है। कई राजनीतिक पंडित पिछले दिनों बिहार में सामाजिक न्याय के अगुवा कर्पूरी ठाकुर और लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने को मंडल व कमंडल को साधने की कवायद बताते हैं। बहरहाल, पार्टी ने कहीं न कहीं यह संदेश देने की भी कोशिश की है कि वह मार्गदर्शक मंडल में शामिल अपनी बुनियाद का सम्मान भी करती है। कई विश्लेषक लालकृष्ण आडवाणी के योगदान को भाजपा व जनसंघ से इतर राजनीतिक शुचिता व जीवन मूल्यों में योगदान के रूप में देखते रहे हैं। एक आक्षेप में नाम आने पर लोकसभा से इस्तीफा और स्थिति स्पष्ट न होने तक संसदीय राजनीति से दूर रहने के वायदे को उन्होंने निभाया भी। आज के राजनीतिक परिदृश्य में उनका मूल्यांकन इक्कीस ही कहा जाएगा।



दिनेश शर्मा

## दो PM और दो राष्ट्रपति; कराची के जिस स्कूल से पढ़े थे लालकृष्ण आडवाणी, वहां से निकलीं ये हस्तियां



**नई दिल्ली।** देश के पूर्व उप-प्रधानमंत्री और भाजपा अध्यक्ष रहे लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न सम्मान दिया जाएगा। आडवाणी का 8 दशक लंबा सार्वजनिक जीवन बड़े उतार-चढ़ावों भरा रहा है, लेकिन उन्होंने कभी शुचिता और मर्यादा से समझौता नहीं किया। 1927 में कराची में जन्मे लालकृष्ण आडवाणी बंटवारे के बाद भारत आए थे और फिर यहां सत्ता के शीर्ष तक पहुंचे। उनका जीवन भारत की सीमा के दोनों तरफ की कहानी को समेटे हुए है। यहां तक कि 2005 में जब पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ से मिले तो दोनों के बीच लंबी बातचीत कराची के उस सेंट पैट्रिक्स स्कूल को लेकर हुई थी, जहां से आडवाणी पढ़े थे। सी सेंट पैट्रिक्स स्कूल से जनरल परवेज मुशर्रफ ने भी पढ़ाई की थी। इसलिए दोनों के पास अपनी यादें और किस्से थे, जिसे वे देर तक साझा करते रहे। दरअसल सेंट पैट्रिक्स स्कूल का एक शानदार इतिहास भी रहा है.

# बार-बार कहने पर भी नहीं लगाए 'भारत माता की जय' के नारे, केरल में भीड़ पर भड़कीं केंद्रीय मंत्री

**नेशनल डेस्क.** केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने शनिवार को केरल के कोझिकोड में एक युवा सम्मेलन में दर्शकों के एक वर्ग पर उनके बार-बार ऐसा करने के लिए कहने के बावजूद भारत माता की जय का नारा नहीं लगाने पर नाराजगी जताई।

भीड़ से बार बार कहने के बाद भी वहां मौजूद कुछ लोगों ने नारे नहीं लगाए। इस बात से ही मीनाक्षी को काफी दुख हुआ और वह नाराज हो गईं।स्पष्ट रूप से क्रोधित लेखी ने भीड़ से पूछा कि क्या भरत उनकी मां नहीं हैं और यहां तक कि एक महिला को सुझाव दिया, जो नारा लगाने में अनिच्छुक थी, कार्यक्रम स्थल से चली जाएं। इस सम्मेलन का आयोजन कुछ दक्षिणपंथी संगठनों द्वारा किया गया था। अपने भाषण का समापन करते हुए, वरिष्ठ भाजपा नेता ने ÷भारत माता की जय÷ का नारा लगाया और दर्शकों से इसे दोहराने के लिए भी कहा।



**क्या भारत आपकी माता नहीं है?**

चूँकि दर्शकों की प्रतिक्रिया अपेक्षा के अनुरूप नहीं थी, उन्होंने पूछा कि क्या भारत उनका घर नहीं है। उन्होंने कहा,क्या भारत केवल मेरी ही माता है या आपकी भी माता है? क्या कोई संदेह है? संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बाईं तरफ के दर्शकों की प्रतिक्रिया अभी भी खराब है।

**एक महिला से पूछा...**

दर्शकों में से एक महिला की ओर इशारा करते हुए लेखी ने कहा,पीली (पोशाक) वाली महिला खड़ी हो सकती हैं। यहां-वहां मत देखिए। मैं आपसे बात करने जा रही हूं। मैं आपसे सीधा सवाल पूछने जा रही हूं।क्या भारत आपकी माता नहीं है? ऐसा रवैया क्यों?

**कार्यक्रम स्थल छोड़ने को कहा**

केंद्रीय मंत्री ने फिर भारत माता की जय के नारे लगाए। लेकिन महिला इसके बाद भी शांत खड़ी रही। इसके बाद मीनाक्षी लेखी ने कहा,मुझे लगता है आपको कार्यक्रम स्थल छोड़ देना चाहिए।

मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि जिसे देश पर गर्व नहीं है और जिसे भारत के बारे में बोलना शर्मनाक लगता है, उसे युवा सम्मेलन का हिस्सा बनने की जरूरत नहीं है।

# ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान का किसानों को मिलेगा मुआवजा

**चंडीगढ़।** उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि एक फरवरी से फसलों की गिरदावरी शुरू हो गई है जोकि एक मार्च 2024 तक प्रदेश भर में चलेगी, इस दौरान राज्य में ओले गिरने से फसलों को जो नुकसान हुआ है उसकी जिला प्रशासन को रिपोर्ट करने के निर्देश दिए हुए हैं, साथ ही किसान खुद भी राजस्व विभाग के क्षतिपूर्ति-पोर्टल पर नुकसान की रिपोर्ट अपलोड कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी रिपोर्ट मिलने पर किसानों को उनकी क्षति की पूर्ति के लिए मुआवजा दिया जाएगा। डिप्टी सीएम, जिनके पास राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग का प्रभार भी है, रविवार को यहां प्रेस कॉन्फ्रेंस को सम्बोधित कर रहे थे। डिप्टी सीएम ने कहा कि जब-जब किसानों की फसल को प्राकृतिक आपदा की मार पड़ी है, प्रदेश सरकार ने प्रभावित किसानों की हर संभव मदद की है। उन्होंने बताया कि अब गरीब (बीपीएल) परिवारों को राशन लेने में किसी तरह की परेशानी नहीं आएगी। केंद्र व राज्य सरकार की बीपीएल सूची में अंतर होने की वजह से केंद्र की ओर से राशन का आवंटन समय से नहीं हो पा रहा था। हरियाणा सरकार ने केंद्र को अपने बीपीएल परिवारों की लिस्ट भेजकर अवगत कराया है कि यहां 1.20 की बजाय 1.80 रुपये वार्षिक आय वाले परिवार को बीपीएल की श्रेणी में रखा गया है। इसे समझते हुए केंद्र सरकार ने हरियाणा के गरीबों के लिए अधिक राशन का आवंटन करने की सहमति दे दी है। इस बारे में राज्य सरकार के पास केंद्र का पत्र पहुंच चुका है। उन्होंने बताया कि इसी वित्तीय वर्ष से सरकार ने नागरिकों को सरसों व सूरजमुखी का तेल आवंटित करने का भी निर्णय लिया है। पहले डीबीटी के माध्यम से तेल की राशि खातों में भेजी जा रही थी। सरकार ने यह भी विकल्प दिया है कि कोई भी परिवार सरसों या सूरजमुखी के तेल का विकल्प चुन सकता है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि एक मार्च 2024 से प्रदेश में देशी शराब को प्लास्टिक की बोतलों में बेचने पर प्रतिबंध लगा दिया है। ऐसा करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य है। डिप्टी सीएम दुष्यंत ने बताया कि जीएसटी संग्रह की पिछले चार साल की 30 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। इस मौके जजपा प्रदेश अध्यक्ष निशान सिंह, वरिष्ठ नेता डॉ. केसी बांगड़, चेयरमैन एवं राष्ट्रीय संगठन सचिव राजेंद्र लितानी, प्रदेश कार्यालय सचिव रणधीर, दिलबाग नैन मौजूद रहे।

**मैं टायर्ड- रिटायर्ड नहींज्डायनामिक हूं**

मैं यंग और डायनामिक हूं, ना कि मैं टायर्ड और रिटायर्ड हुआ हूं। कुछ नेता अपने जीवन का आखिरी चुनाव कहकर वोट मांगते हैं, लेकिन अगले चुनाव में वे फिर चुनाव लड़ते दिखाई देते हैं। देश और प्रदेश के विकास के लिए मैं निरंतर राजनीति करते हुए 80 साल की उम्र तक काम करता रहूंगा और यह मेरी जिम्मेदारी भी बनती है। पिछले दस साल में मैंने जरूरत पड़ने पर बतौर सांसद संसद में ट्रैक्टर ले जाकर किसानों की आवाज बुलंद की और अब बतौर डिप्टी सीएम गठबंधन सरकार में किसानों के हित एमएसपी-मंडी व्यवस्था बेहतर करने की दिशा में अनेक ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने यह बात कही।

# एक साल में अम्बाला में कम हुए 35 हजार मतदाता!

अम्बाला.आबादी बढ़ते रहने के बावजूद पिछले एक साल में अम्बाला जिले में करीब 35 हजार मतदाता कम हो गए हैं। जिले के सभी 4 विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं की संख्या कम हुई है। अम्बाला जिले के चारों विधानसभा हलकों में वर्तमान मतदाता सूचियों के अनुसार 865762 मतदाता हैं। गत वर्ष यह संख्या 900466 थी। हालांकि, इनमें ट्रांसजेंडर, दिव्यांग, ओवरसीज और सर्विस मतदाताओं की संख्या शामिल है या नहीं, उसका उल्लेख 22 जनवरी 2024 को संशोधित मतदाता सूची में नहीं है। अम्बाला लोकसभा सीट के अंतर्गत पड़ने वाले 3 जिलों के कुल 9 विधानसभा हलकों में 1971584 मतदाता हैं।

जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, जिले में सबसे अधिक मतदाताओं की संख्या अम्बाला शहर विधानसभा हलके में 255418 है। इनमें 133563 पुरुष और 121855 महिला मतदाता हैं। गत वर्ष 5 जनवरी 2023 को प्रकाशित मतदाता सूची में अम्बाला शहर विधानसभा हलके में मतदाताओं की कुल संख्या 264120 थी। यानी इस अवधि में 9 हजार मतदाता कम हुए हैं। अम्बाला शहर हलके में कुल 260 मतदान केंद्र हैं।

अम्बाला कैंट विधानसभा सीट पर मतदाताओं की संख्या अब 197588 है। इनमें 103828 पुरुष व 93760 महिला मतदाता हैं। गत यहां 208099 मतदाता थे। यहां 10 हजार मतदाता कम हुए हैं। अम्बाला कैंट में 194 मतदाता केंद्र हैं। नारायणगढ़ हलके में अब 191652 मतदाता हैं। इनमें 101553 पुरुष और 90099 महिला मतदाता हैं। गत वर्ष यहां 197011 मतदाता थे। यहां 6 हजार वोटर कम हुए हैं। इस हलके में 211 मतदाता केंद्र हैं।

मुलाना विधानसभा क्षेत्र में 221104 मतदाता हैं। इनमें 117683 पुरुष और 103421 महिला मतदाता हैं। गत वर्ष यहां 231236 वोटर थे। यहां 10 हजार मतदाता कम हुए हैं। इस हलके में 262 मतदाता केंद्र हैं।

अम्बाला लोकसभा हलके में पंचकूला जिले के पंचकूला व कालका तथा यमुनानगर के जगाधरी, यमुनानगर व साढौरा विधानसभा क्षेत्र भी शामिल हैं। इनमें पंचकूला विधानसभा क्षेत्र में 226415, कालका में 196227, जगाधरी में 228085, यमुनानगर में 234394 और साढौरा में 220701 मतदाता हैं।

# भूपेंद्र यादव भिवानी-महेंद्रगढ़ से लड़ सकते हैं लोकसभा चुनाव!

**चंडीगढ़.** भाजपा इस बार केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव को हरियाणा से लोकसभा चुनाव लड़वाने पर मंथन कर रही है। भिवानी-महेंद्रगढ़ से उन्हें चुनाव लड़वाए जाने की अटकलें हैं। हालांकि अभी तय कुछ नहीं है, लेकिन जिस तरह से भूपेंद्र यादव के समर्थकों ने पार्लियामेंट में सक्रियता बढ़ाई है, उससे इन चर्चाओं को और बल मिला है। वर्तमान में धर्मबीर सिंह भिवानी-महेंद्रगढ़ से लगातार दूसरी बाद सांसद हैं।

भूपेंद्र यादव वर्तमान में राज्यसभा सांसद हैं और वे केंद्र में पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री हैं। मूल रूप से गुरुग्राम के रहने वाले भूपेंद्र यादव के हरियाणा में एक्टिव होने की खबरें पहले भी चलती रही हैं। इस बार उनके राजस्थान की जयपुर-ग्रामीण लोकसभा सीट से चुनाव लड़वाए जाने की भी चर्चाएं हैं। उनका नाम अलवर सीट से भी चर्चाओं में रहा है। 2019 में यहां से बाबा बालकनाथ ने चुनाव जीता था। बालकनाथ वर्तमान में राजस्थान के तिजारा हलके से विधायक हैं। भूपेंद्र यादव से जुड़े समर्थकों का कहना है कि पार्टी नेतृत्व का इशारा मिलने के बाद ही भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय सीट पर तैयारियां शुरू की हैं। बताते हैं कि यादव समर्थकों द्वारा नारनौल और भिवानी शहर में कार्यालय के लिए जगह भी फाइनल की जा चुकी है। उनकी गिनती केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नजदीकियों में होती है। पूर्व में यादव को हरियाणा का मुख्यमंत्री बनाए जाने की चर्चाएं भी चल चुकी हैं। बताते हैं यादव हरियाणा की बजाय केंद्र की राजनीति करने में अधिक रुचि रखते हैं। 2014 और 2019 से यानी लगातार दो बार भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से धर्मबीर सिंह सांसद हैं। अगर यहां से भूपेंद्र यादव को चुनाव लड़वाया जाता है तो ऐसी स्थिति में धर्मबीर सिंह को विधानसभा चुनाव लड़वाया जा सकता है।चुनाव लड़ा तो मिल सकती हैं कई चुनौतियां

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव अगर भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से चुनावी रण में आते हैं तो उन्हें महेंद्रगढ़ जिले में अच्छा-खासा समर्थन मिलने की उम्मीद है। भिवानी व दादरी जिले के मतदाताओं में मुख्य रूप से जाट वोटरों को अपने साथ जोड़ना उनके लिए सबसे बड़ी चुनौती होगी।



बेशक, पीएम नरेंद्र मोदी का असर इस बार भी देखने को मिल सकता है, लेकिन अगर इस संसदीय सीट का चुनाव महेंद्रगढ़ और ओल्ड भिवानी के फेर में उलझ गया तो चुनौतियां और भी बढ़ सकती हैं।

साधे जा रहे समीकरण

सूत्रों का कहना है कि भाजपा हाईकमान भी हरियाणा में लोकसभा की सभी दस सीटों पर बारीकी से अध्ययन करवा रहा है। जातिगत और क्षेत्रीय के साथ स्थानीय समीकरणों पर फोकस है। भिवानी-महेंद्रगढ़ पार्लियामेंट बड़ी उलझी हुई सीट है। भिवानी व दादरी जिले के छह में से पांच जिले इसमें आते हैं। इनमें चरखी दादरी, बाढ़डा, लोहारू तोशाम व भिवानी शहर शामिल हैं। बवानीखेड़ा हलका हिसार संसदीय सीट के अधीन आता है वहीं महेंद्रगढ़ जिला के महेंद्रगढ़, नांगल-चौधरी नारनौल व अटेली हलके इस पार्लियामेंट के अंतर्गत आते हैं। महेंद्रगढ़ जिला जहां यादव बहुल है। वहीं भिवानी व दादरी जिलों में जाट वोटर हार-जीत में अहम भूमिका निभाते हैं। भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय सीट से लगातार दो बार सांसद बनने की सबसे बड़ी वजह यह रही कि धर्मबीर सिंह को स्थानीय होने की वजह से जाट मतदाताओं का समर्थन मिला। भिवानी जिले के जाट वोटर भी दो हिस्सों में बंटे हैं। एक हिस्सा बंसीलाल समर्थकों का है तो दूसरे हिस्से में एंटी बंसीलाल वोटर भी हैं। धर्मबीर सिंह को इस एरिया में स्थापित करने में भी एंटी बंसीलाल वोटरों ने अहम भूमिका निभाई वहीं भाजपा की वजह से गैर-जाट मतदाताओं और केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के समर्थन के चलते अहीर वोटर भी उन्हें मिलते रहे।

# परिजन बोले हत्या, लाडवा रोड किया जाम

**शाहाबाद मारकंडा.**रविवार को शाहाबाद रणजीत नगर कालोनी से 31 जनवरी को लापता हुए संजू के परिजनों का गुस्सा उस समय फूट पड़ा जब उन्हें सूचना मिली कि हुड्डा पुलिस चौकी के एएसआई ने उनके बेटे संजू को सड़क हादसे में मृत मानकर और शव को लवारिस बताते हुए उसका अंतिम संस्कार 3 फरवरी को हेल्पर्स संस्था की ओर से करवा दिया है। परिजनों की ओर से संजू के लापता होने की सूचना 1 फरवरी को शाहाबाद हूडा चौकी में दी गई थी, लेकिन उसके बाद भी सड़क से मिले शव को न तो संजू की फोटो के साथ मैच किया गया और न ही संजू के परिजनों को बुलाकर शव की शिनाख्त करवाने की जहमत उठाई गई। गुस्साये परिजनों ने कहा कि उनके बेटे संजू की हत्या हुई है और इसमें तीन युवक पंकज, मोहित व कठवा निवासी एक अन्य युवक शामिल हैं और आरोपियों को बचाने के लिए हूडा चौकी के एक एएसआई ने आनन-फानन में संजू का अंतिम संस्कार करवाया है। इसी के रोष स्वरूप संजू की माता शीला देवी, बहन रेणु



और चाचा रणजीत सिंह के साथ कालोनी के सैकड़ों लोगों ने पहले हूडा चौकी का घेराव कर लिया और महिलाओं ने एएसआई के कमरे में घुसकर दर्शन सिंह के साथ हाथापाई भी की। बाद में सैकड़ों की संख्या में कालोनीवासी लाडवा रोड पर जा बैठे और सड़क जाम कर दी।इसी दौरान नगरपालिका प्रधान डा. गुलशन कवात्तरा, भाकियू के प्रेस प्रवक्ता राकेश बैंस भी मौके पर पहुंचे और संजू के परिजनों को न्याय देने की मांग पुलिस से की। इस पर मौके पर पहुंचे डीएसपी रणधीर सिंह ने एएसआई दर्शन सिंह को निलंबित किया और मामले की जांच जिला अपराध शाखा-2 को सौंप दी। परिजनों ने करीब एक घंटे के बाद इस चेतावनी पर जाम खोला कि अगर सोमवार 11 बजे तक इस मामले के आरोपियों को गिरफ्तार न किया गया तो परिजन फिर से जाम कर देंगे। संजू की माता शीला देवी, बहन रेणु और चाचा रणजीत ने कहा कि उनके बेटे संजू की जान सड़क हादसे में नहीं गई बल्कि उसकी हत्या की गई है और इस हत्या के पीछे पंकज, मोहित व एक अन्य युवक की साजिश हो सकती है।

# 'घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस' के लिए 55 कोऑर्डिनेटर नियुक्त

**चंडीगढ़.** हरियाणा के प्रमुख विपक्षी दल ङ्क कांग्रेस ने 'घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस' अभियान को लेकर सभी दस संसदीय सीटों के लिए लोकसभा कोऑर्डिनेटर नियुक्त किए हैं। कुल 55 नेताओं को कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया है। इनमें से कुछ नेताओं को तीन तक विधानसभा हलकों की जिम्मेदारी मिली है वहीं कुल नेताओं को एक और कुछ को दो-दो हलकों का प्रभार दिया है। आगामी लोकसभा चुनावों को देखते हुए कांग्रेस ने यह अभियान शुरू किया है।

पंद्रह जनवरी को हरियाणा में घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस अभियान की शुरुआत की है। कांग्रेस संगठन का गठन नहीं होने की वजह से पार्टी द्वारा कोऑर्डिनेटर नियुक्त किए हैं ताकि इस अभियान को सिरे चढ़ाया जा सके। अंबाला संसदीय सीट के कालका, पंचकूला व सढ़ौरा हलके के लिए कालका विधायक प्रदीप चौधरी को कोऑर्डिनेटर लगाया है। वहीं मुलाना, अंबाला सिटी व अंबाला कैंट हलके का कोऑर्डिनेटर मुलाना विधायक वरुण चौधरी को नियुक्त किया है। नारायणगढ़, यमुनानगर व जगाधरी हलके में कोऑर्डिनेटर की कमान नारायणगढ़ विधायक शैली चौधरी को सौंपी है। इसी तरह हुड्डा समर्थक विधायक बिशनलाल सैनी को कुरुक्षेत्र पार्लियामेंट के अंतर्गत आने वाले तीन हलकों राादौर, शाहाबाद व थानेसर का कोऑर्डिनेटर लगाया है। पूर्व मुख्य संसदीय सचिव जिलेराम शर्मा को पुंडरी व कलायत तथा सतबीर भाना को कैथल हलके का कोऑर्डिनेटर लगाया है। वहीं लाडवा विधायक मेवा सिंह को लाडवा, गुहला-चीका और पिहोवा हलके का कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया है। सिरसा लोकसभा क्षेत्र के डबवाली, नरवाना व रानियां हलके का कोऑर्डिनेटर विधायक अमित सिहाग व पूर्व विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया को लगाया है। कालांवाली, सिरसा व रतिया हलके का कोऑर्डिनेटर विधायक शीशपाल केहरवाला और वरिष्ठ नेता अरविंद शर्मा को नियुक्त किया है। इसी तरह से टोहाना, फतेहाबाद व ऐलनाबाद हलके में कोऑर्डिनेटर की बागडोर वरिष्ठ नेता मलकीत सिंह खोसा और पूर्व विधायक जरनैल सिंह को सौंपी है। हिसार पार्लियामेंट के अंतर्गत आने वाले हिसार व आदमपुर हलके का नेतृत्व पूर्व विधायक रामनिवास घोड़ेला, नलवा का डॉ. अजय चौधरी तथा उकलाना व उचाना का कोऑर्डिनेटर धर्मबीर गोयत को लगाया है। हांसी में भूपेंद्र सिंह गंगवा, बरवाला व बवानीखेड़ा में पूर्व विधायक नरेश सेलवाल तथा नारनौंद में पूर्व विधायक प्रो. रामभगत शर्मा को कोऑर्डिनेटर लगाया है। करनाल लोकसभा क्षेत्र के इसराना व पानीपत सिटी के लिए इसराना विधायक बलबीर सिंह वाल्मीकि, पानीपत ग्रामीण व समालखा हलके के लिए विधायक धर्म सिंह छोक्कर, करनाल व इंद्री हलके के लिए वरिष्ठ नेता राजेश वैद व बुल्ले शाह, असंध व घरौंड़ा के लिए विधायक शमशेर सिंह गोगी तथा नीलोखेड़ी हलके के लिए पूर्व मुख्य संसदीय सचिव सुल्तान सिंह जंडौला को कोऑर्डिनेटर लगाया है।

सोनीपत सीट के लिए 7 नेता

कांग्रेस ने सोनीपत लोकसभा क्षेत्र के लिए सात नेताओं को कोऑर्डिनेटर लगाया है। बरोदा व गोहाना हलके का कोऑर्डिनेटर विधायक इंदूराज नरवाल व वरिष्ठ नेता सुरेंद्र दहिया, सफीदों, जींद व जुलाना का विधायक सुभाष गंगौली, खरखौदा व गन्नौर का विधायक जयवीर सिंह वाल्मीकि व पूर्व विधायक पदम दहिया तथा सोनीपत व राई के लिए विधायक सुरेंद्र पंवार व पूर्व विधायक जयतीर्थ दहिया को कोऑर्डिनेटर लगाया है।

# लोकनिर्माण विभाग की उदासीनता से गहरे गड्ढों में तब्दील हुआ बापौली मार्ग

**रादौर.** लोकनिर्माण विभाग की उदासीनता के कारण 12 से ज्यादा गांवों को रादौर शहर से जोड़ने वाले बापौली-खरकाली मार्ग पर जगह-जगह गहरे गड्ढे पड़े हुए हैं। रोड़ गहरे गड्ढों में तब्दील हो चुका है। गहरे गड्ढों में जहां गंदा पानी भरा रहता है, वहीं राहगीरों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गांव बापौली के हरपाल, बलदेव सिंह, सरपंच रोहित शर्मा, गांव सढूरा के सरपंच जसविन्द्र सिंह, गांव खेड़की के सुभाष सैनी, गांव खरकाली के बलकार सिंह, गांव घिलौर के बलदेव सिंह ने बताया कि रादौर वाया बापौली-खरकाली मार्ग 12



से ज्यादा गांवों को रादौर शहर से जोड़ता है। इस समय रोड की हालत इतनी खस्ता है कि वाहनों का चलना तो दूर की बात पैदल चलना भी इस रोड पर मुश्किल हो रहा है। मामूली सी बरसात में भी रोड के गड्ढों में गंदा पानी भर जाता है।

लोगों ने बताया कि अनेक बार लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों को रोड पर पड़े गहरे गड्ढों को भरने की मांग की चुके हैं, लेकिन बार-बार मांग करने के बाद भी लोकनिर्माण विभाग ने रोड पर पडे गहरे गड्ढों को नहीं भरा है। इस बारे में लोकनिर्माण विभाग के एसडीओ जसमेर सिंह ने बताया कि बापौली-खरकाली मार्ग को बनाने के लिए टैंडर अलाट किया जा चुका है। मैटीरियल मिलते ही जल्दी ही काम शुरू करवा दिया जाएगा।

# भाजपा दस की दस सीटों पर प्रदेश में लड़ेगी : सांसद बृजेंद्र सिंह

**उचाना.** केंद्र सरकार द्वारा पांच मांगें पूरी करने पर राजनीति छोड़ने के अरविंद केजरीवाल के बयान पर बोलते हुए भाजपा सांसद बृजेंद्र सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल अगर हरियाणा में सार्थक होते तो मैं कुछ उनकी बातों का जवाब देता। हरियाणा में उनके पास कुछ नहीं है। जैसी पार्टी उनकी थी वो भी बिखर गई है, सारी की सारी। बस बड़ी-बड़ी बातें करते हैं वो। वे पुलिस थाना के सामने स्व. कुलदीप डूमरखा की धर्मपत्नी लक्ष्मी देवी के निधन पर शोक प्रकट करने पहुंचे थे। पूर्व विधायक प्रेमलता ने भी लक्ष्मी देवी के निधन पर शोक प्रकट किया। चंडीगढ़ मेयर चुनाव पर विपक्ष द्वारा भाजपा पर लगाए जा रहे आरोपों पर बोलते हुए सांसद बृजेंद्र सिंह ने कहा कि ये मामला पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में जा चुका है।



कोर्ट की तरफ से तीन सप्ताह का समय दिया गया है जवाब दायर करने का। जजपा द्वारा गठबंधन मजबूत होने के दावे करने पर भाजपा सांसद ने कहा कि इस तरह की बातें आदमी तब करता है जब वो बिल्कुल सरेंडर कर दे। भाजपा के बड़े नेताओं, सीएम मनोहर लाल ने स्पष्ट कर दिया है कि भाजपा प्रदेश में दस की दस सीट लड़ रही है। इतना होने के बाद भी वे गठबंधन में रहना चाहें तो उनकी मर्जी है। इस मौके पर जगदीप डूमरखा, हरदीप डूमरखा, संजीव डूमरखा कुमार अनिल, राकेश श्योकंद, डॉ. राजेश श्योकंद, पूर्व सरपंच रमेश खटकड़, कुलदीप काकड़ोद मौजूद रहे।

**बाबा फुल्लू साध जन्मोत्सव पर पहुंचे सांसद**

बाबा फुल्लू साध गौशाला उचाना खुर्द में बाबा फुल्लू साध का जन्मोत्सव उत्सव की तरह मनाया गया। क्षेत्र से भारी संख्या में महिला, पुरूष, युवा पहुंचे। एक सप्ताह से चल रहे हवन में पूर्णा आहुति भाजपा सांसद बृजेंद्र सिंह ने दी। स्वामी वजीरानंद महाराज एवं गौशाला कमेटी ने स्मृति चिन्ह् देकर सांसद का स्वागत किया। 11 लाख रुपए गौशाला के लिए सांसद कोटे से देने की घोषणा बृजेंद्र सिंह ने की। जन्मोत्सव कार्यक्रम में आने वाले श्रद्धालुओं को पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। इस मौके पर राकेश उचाना खुर्द, पाल व्यापारी, जयभगवान, रमेश नंबरदार, सुरेंद्र गर्ग, संदीप चौधरी, बलवंत बड़नपुर, कुलदीप काकड़ोद, सोहन श्योकंद, नारायणी देवी आर्य, पूर्व सरपंच भतेरी देवी मौजूद रहे।

# 'हरियाणा एक हरियाणवी एक' की भावना से कर रहे जनसेवा : मनोहर

**पंचकूला.**मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि आज पूरे देश में राममय वातावरण है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के रामराज्य की परिकल्पना का अर्थ उस आदर्श राज से है, जहां गरीब की सेवा, सभी को सम्मान और लोकतांत्रिक तरीके से सबको आगे बढ़ने के अवसर मिलें।

सीएम मनोहर लाल रविवार को भाजपा कार्यालय में कांग्रेस, आप सहित अन्य दलों से कई नेताओं की भाजपा में ज्वाइनिंग के अवसर पर बोल रहे थे।?उन्होंने कहा कि वर्ष 1977 से वे देश और समाज सेवा में तत्पर हैं। वे पिछले 9 वर्षों से 'हरियाणा एक हरियाणवी एक' की भावना के साथ प्रदेश वासियों की सेवा में लगे हैं। समाज के हर गरीब को उसका हक मिले, इसके लिए प्रदेश सरकार ने अंत्योदय को आधार मानकर अनेक कल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं। इन योजनाओं का न सिर्फ गरीब लोगों को लाभ मिल रहा है, बल्कि वे आज समाज में सम्मानजनक तरीके से जीवन यापन भी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद में लाखों लोग यात्रा से ज़ुड़कर केंद्र व राज्य सरकार की





विभिन्न लोकहितैषी योजनाओं की न केवल जानकारी ले रहे हैं, बल्कि उनका लाभ भी उठा चुके हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लोगों को घर बैठे ही ऑनलाइन माध्यम से योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज विश्व में एक श्रेष्ठ नेता बनकर उभरे हैं और उनके नेतृत्व में देश का मान-सम्मान पूरे विश्व में बढ़ा है। इस मौके विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी, मेयर कुलभूषण गोयल, हरियाणा बाल कल्याण परिषद की मानद महासचिव रंजीता मेहता, शिवालिक विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष ओम प्रकाश देवीनगर व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

**पूर्व विधायक कापड़ीवास का 'वनवास' खत्म**

तरुण जैन/हप्र/ रेवाड़ी~ रेवाड़ी हलके से भाजपा के पूर्व विधायक रणधीर सिंह कापड़ीवास का आखिरकार आगामी चुनावों से पूर्व राजनीतिक वनवास खत्म हो गया। रविवार को पंचकूला में कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी की मौजदूगी में उनकी घर वापसी हुई। वर्ष 2019 में जब पार्टी ने उनका टिकट काट दिया था तो वे निर्दलीय के तौर पर चुनाव लड़े थे। कापड़ीवास चनाव तो हार गए थे, लेकिन पार्टी ने 6 साल के लिए उन्हें निष्कासित कर दिया था। रणधीर सिंह कापड़ीवास वैसे तो कई बार विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं, लेकिन वर्ष 2014 में भाजपा की टिकट पर चुनाव जीत कर पहली बार विधायक बने थे।

जब वर्ष 2019 में पार्टी ने उन्हें पुन: टिकट नहीं दिया तो वे बागी हो गए थे और निर्दलीय के तौर पर चुनाव मैदान में उतरे। जिसका नतीजा यह हुआ कि रणधीर सिंह कापड़ीवास व भाजपा टिकट पर चुनाव लड़े सुनील यादव मुसेपुर दोनों चुनाव हार गए और इनकी लड़ाई में कांग्रेस प्रत्याशी चिरंजीव राव की जीत हुई।

लेकिन पार्टी से निकाले जाने के बावजूद वे भाजपा के संपर्क में रहे और उनका भाजपा से कभी भी मोह भंग नहीं हुआ। उनके भतीजे मुकेश कापड़ीवास पहले से ही भाजपा में हैं और प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भी हैं। कापड़ीवास के केन्द्रीय मंत्री राव इन्द्रजीत सिंह से कभी भी मधुर संबंध नहीं रहे। लेकिन उनकी घर वापसी से यहां के राजनीति समीकरणों पर असर पड़ता दिखाई दे रहा है।

# ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान का किसानों को मिलेगा मुआवजा

**चंडीगढ़.** उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि एक फरवरी से फसलों की गिरदावरी शुरू हो गई है जोकि एक मार्च 2024 तक प्रदेश भर में चलेगी, इस दौरान राज्य में ओले गिरने से फसलों को जो नुकसान हुआ है उसकी जिला प्रशासन को रिपोर्ट करने के निर्देश दिए हुए हैं, साथ ही किसान खुद भी राजस्व विभाग के क्षतिपूर्ति-पोर्टल पर नुकसान की रिपोर्ट अपलोड कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी रिपोर्ट मिलने पर किसानों को उनकी क्षति की पूर्ति के लिए मुआवजा दिया जाएगा।डिप्टी सीएम, जिनके पास राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग का प्रभार भी है, रविवार को यहां प्रेस कॉन्फ्रेंस को सम्बोधित कर रहे थे। डिप्टी सीएम ने कहा कि जब-जब किसानों की फसल को प्राकृतिक आपदा की मार पड़ी है, प्रदेश सरकार ने प्रभावित किसानों की हर संभव मदद की है।

उन्होंने बताया कि अब गरीब (बीपीएल) परिवारों को राशन लेने में किसी तरह की परेशानी नहीं आएगी। केंद्र व राज्य सरकार की बीपीएल सूची में अंतर होने की वजह से केंद्र की ओर से राशन का आवंटन समय से नहीं हो पा रहा था। हरियाणा सरकार ने केंद्र को अपने बीपीएल परिवारों की लिस्ट भेजकर अवगत कराया है कि यहां 1.20 की बजाय 1.80 रुपये वार्षिक आय वाले परिवार को बीपीएल की श्रेणी में रखा गया है। इसे समझते हुए केंद्र सरकार ने हरियाणा के गरीबों के लिए अधिक राशन का आवंटन करने की सहमति दे दी है। इस बारे में राज्य सरकार के पास केंद्र का पत्र पहुंच चुका है। उन्होंने बताया कि इसी वित्तीय वर्ष से सरकार ने नागरिकों को सरसों व सूरजमुखी का तेल आवंटित करने का भी निर्णय लिया है। पहले डीबीटी के माध्यम से तेल की राशि खातों में भेजी जा रही थी। सरकार ने यह भी विकल्प दिया है कि कोई भी परिवार सरसों या सूरजमुखी के तेल का विकल्प चुन सकता है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि एक मार्च 2024 से प्रदेश में देशी शराब को प्लास्टिक की बोतलों में बेचने पर प्रतिबंध लगा दिया है। ऐसा करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य है। डिप्टी सीएम दुष्यंत ने बताया कि जीएसटी संग्रह की पिछले चार साल की 30 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। इस मौके



जजपा प्रदेश अध्यक्ष निशान सिंह, वरिष्ठ नेता डॉ. केसी बांगड़, चेयरमैन एवं राष्ट्रीय संगठन सचिव राजेंद्र लितानी, प्रदेश कार्यालय सचिव रणधीर, दिलबाग नैन मौजूद रहे।

मैं टायर्ड- रिटायर्ड नहींज्डायनामिक हूं

मैं यंग और डायनामिक हूं, ना कि मैं टायर्ड और रिटायर्ड हुआ हूं। कुछ नेता अपने जीवन का आखिरी चुनाव कहकर वोट मांगते हैं, लेकिन अगले चुनाव में वे फिर चुनाव लड़ते दिखाई देते हैं। देश और प्रदेश के विकास के लिए मैं निरंतर राजनीति करते हुए 80 साल की उम्र तक काम करता रहूंगा और यह मेरी जिम्मेदारी भी बनती है। पिछले दस साल में मैंने जरूरत पड़ने पर बतौर सांसद संसद में ट्रैक्टर ले जाकर किसानों की आवाज बुलंद की और अब बतौर डिप्टी सीएम गठबंधन सरकार में किसानों के हित एमएसपी-मंडी व्यवस्था बेहतर करने की दिशा में अनेक ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने यह बात कही। उचाना विधानसभा से चुनाव लड़ने के संदर्भ में डिप्टी सीएम ने कहा कि वे उचाना नहीं छोड़ेंगे और जिनको उचाना छोड़ना है, वे पार्टी छोड़ने की तैयारी में बैठे हैं। दुष्यंत चौटाला ने भाजपा-जजपा गठबंधन पर कहा कि जजपा एनडीए का मजबूत साथी है और हरियाणा में हम स्थिर सरकार देने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। आगे दोनों दल बैठक कर फैसला लेंगे, फिलहाल भाजपा-जजपा दोनों अपनी-अपनी चुनावी तैयारी कर रहे हैं।

# पुलिस-पब्लिक समन्वय कमेटी बेहतर तालमेल के लिए कर रही काम




**गुरुग्राम।** थाना भोंडसी, थाना सेक्टर-65, पुलिस चौकी मारुति कुंज, थाना सदर सोहना, पुलिस चौकी एसपीआर क्षेत्र में रविवार को पुलिस-पब्लिक समन्वय कमेटी की बैठकों का आयोजन किया गया। इन बैठकों में संबंधित थाना प्रबंधक व चौकी प्रभारी शामिल हुए।

पुलिस उपायुक्त दक्षिण सिद्धान्त जैन के दिशा-निर्देश अनुसार इन बैठकों में संबंधित थाना क्षेत्रों के गांवों, शहरों की गतिविधियों व अन्य समस्याओं संबंधित जानकारी ली। साथ ही गांवों/शहरों में अपराध व अपराधियों पर कारगर ढंग से अंकुश लगाने के लिए उनसे पुलिस की मदद करने की अपील की गई। गुरुग्राम पुलिस द्वारा अपील की गई कि अगर कोई गैर-कानूनी काम करता है तो उसकी सूचना पुलिस को दें, ताकि अपराधियों को पकडक़र अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके। अवैध रूप से नशा रखने/बेचने वाले की सूचना गुरुग्राम पुलिस को देने की अपील की। इस मीटिंग के माध्यम से डायल 112 ऐप डाउनलोड करवा कर उसके प्रयोग के संबंध में जानकारी दी गई। संबंधित थाना अधिकार क्षेत्र से आए हुए पुलिस-पब्लिक समन्वय कमेटी के सदस्यों ने भी अपनी समस्याएं व सुझाव पुलिस अधिकारियों के सम्मुख रखे, जिनको सुनकर उनका निपटारा करने के लिए संबंधित को दिशा-निर्देश/आदेश दिए गए।

इस पुलिस-पब्लिक समन्वय कमेटी के माध्यम से क्षेत्र के लोगों का पुलिस के साथ मैत्री संबंध बनेंगे। मीटिंग में उपस्थित आमजन ने इस मीटिंग में दिए गए दिशा-निर्देशों का समर्थन करते हुए सराहना की तथा समय-समय पर इस तरह का आयोजन कराते रहने का सुझाव दिया। यह मीटिंग पुलिस व पब्लिक के बीच की दूरियों को समाप्त करने में सक्षम है। लोग बिना किसी डर भाव के निसंकोच अपनी परेशानी पुलिस के साथ सांझा कर सकेंगे। बैठकों के दौरान संबंधित गांवों/आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी/मौजीज व्यक्ति व पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे।

# 100 रुपये में मिलेगा नैनो यूरिया, जल्द कराएं पंजीकरण

**गुरुग्राम।** जिला में 2000 एकड़ भूमि पर नैनो यूरिया स्प्रे छिडक़ाव का लक्ष्य रखा गया है। यह स्प्रे छिडक़ाव ड्रोन के माध्यम से किया जाएगा। जो भी किसान नैनो यूरिया स्प्रे छिडक़ाव अपनी फसलों में कराना चाहते हैं, वे ऑनलाइन पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन करा लें। इसकी आखिरी तारीख 15 फरवरी 2024 है। रासायनिक उर्वरकों का इस्तेमाल कम करने और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार किसानों को आधी कीमत पर नैनो तरल यूरिया देगी। सरकार द्वारा जिला गुरुग्राम में 2000 एकड़ भूमि पर ड्रोन द्वारा नैनो यूरिया स्प्रे छिडक़ाव का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। स्कीम के तहत नैनो की बोतल 100 रुपये में दी जाएगी, बाकी का खर्च राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। खेत में ड्रोन व अन्य माध्यम से छिडक़ाव का प्रबंध भी किया जाएगा। जिला में अभी तक करीब 1000 एकड़ भूमि पर ड्रोन द्वारा नैनो यूरिया स्प्रे छिडक़ाव का कार्य पूरा किया जा चुका है। जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव के मुताबिक रासायनिक उर्वरकों के ज्यादा प्रयोग से मिट्टी की उर्वरता में गिरावट आती है। फसल व सब्जियों में इसका प्रभाव आता है। नाइट्रोजन युक्त उर्वरक मिट्टी की उपजाऊ शक्ति को कम करते हैं। यह पीएच व पोटेशियम उर्वरक पोषक तत्वों के संतुलन को बिगाड़ देते हैं। नाइट्रोजन ऑक्साइड जो अन्य वायुमंडलीय गैसों के साथ मिलकर इसमें योगदान करते हैं, इससे वायु प्रदूषण भी होता है। किसानों को मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल के पंजीकरण विवरण के साथ ही पोर्टल पर भी नैनो यूरिया के लिए आवेदन करना होगा।

# जिला मंत्री की जिम्मेदारी मिलने के बाद महेश वशिष्ठ ने जताया अध्यक्ष कमल यादव का आभार



**फरीदाबाद की आवाज**

**गुरुग्राम।** भाजपा गुरुग्राम अर्जुन मंडल के पूर्व अध्यक्ष एवं सीएम विंडो के एमिनेंट सिटिजन महेश वशिष्ठ को भाजपा गुरुग्राम के मंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नई जिम्मेदारी के लिए महेश वशिष्ठ ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश प्रभारी विप्लव देव, प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी, संगठन महामंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा सहित जिला अध्यक्ष कमल यादव का आभार प्रकट किया है। महेश वशिष्ठ गुरुग्राम जिला मंत्री बनने पर अपनी पूरी टीम के साथ भाजपा कार्यालय गुरुकमल पहुंचे और कर जिला अध्यक्ष कमल यादव का पुष्प गुच्छ देकर व मिठाई खिला कर हार्दिक धन्यवाद किया। जिलाध्यक्ष कमल यादव ने महेश वशिष्ठ को जिम्मेदारी के लिए बधाई दी एवं उन्हें नई जिम्मेदारी और कार्यकाल की शुभकामनाएं देते हुए उनको उज्जवल भविष्य की कामना की। महेश वशिष्ठ ने कहा कि जिला अध्यक्ष कमल यादव के साथ भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने उन पर जो भरोसा जताया है, वह उसे पर पूरी ईमानदारी और निष्ठा से खराब उतारने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी के मूल मंत्र सेवा ही संकल्प के मूल मंत्र पर चलते हुए वह पार्टी की नीतियों और सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जनजातन पहुंचने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। इस मौके पर महेश वशिष्ठ के साथ अर्जुन मंडल के पूर्व महामंत्री सोमदत्त वशिष्ठ, ओंकार खुराना, अशोक सैन पूर्व मंत्री, महेन्द्र मुनि पूर्व कोषाध्यक्ष, दलबीर प्रजापत, मनोहर लाल जांगड़ा, दीपक चुटानी, पुनीत हसीजा, एल के चौधरी, भोला त्यागी आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस के लोकसभा प्रभारी ने कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

**फरीदाबाद की आवाज**

**गुरुग्राम।** एआईसीसी द्वारा नियुक्त किए गए कांग्रेस के हरियाणा लोकसभा प्रभारी एस एल शर्मा लोकसभा कोऑर्डिनेटर अमित पूनिया एवं विधानसभा कोऑर्डिनेटर दीपक भारद्वाज ने गुड़गांव पहुंचकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ एक संयुक्त बैठक की। इस बैठक में सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर एस एल शर्मा ने वाररूम कमेटी का गठन किया तथा अमित पूनिया ने हर घर कांग्रेस, घर-घर कांग्रेस अभियान को तेज करने के लिए सभी विधानसभाओं के लिए प्रभारियों की नियुक्तियां की। इन नेताओं ने मिलकर सभी कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया पर कांग्रेस के प्रचार प्रसार को लेकर और अधिक एक्टिव होने के लिए कहा।

इस मौके पर एसएल शर्मा ने कहा कि आगामी 5 महीने के अंदर लोकसभा चुनाव होने हैं। जल्द ही आचार संहिता भी लग जाएगी। चुनाव को लेकर हरियाणा से सबसे अधिक उम्मीदें हैं। हरियाणा में कांग्रेस का बहुत ही अच्छा माहौल है। प्रदेश की जनता को कांग्रेस से उम्मीदें हैं, उन उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को घर-घर पहुंचकर जन-जन तक कांग्रेस की नीतियों को पहुंचना होगा। हरियाणा में हम सभी को एकजुट होकर 10 की 10 सीट जीताकर राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करने का कार्य करना है।

इस मौके पर पूर्व मंत्री सुखबीर कटारिया,पूर्व मंत्री एमएल रंगा,पूर्व विधायक राधेश्याम शर्मा,पूर्व विधायक शाहिदा खान,वीरेंद्र यादव, पंकज डावर,राव कमलवीर,सुधीर चौधरी, कुलराज कटारिया,पूर्व चेयरमैन कुलदीप कटारिया,मुकेश शर्मा,अमित यादव, वेद प्रकाश



विद्रोही, मनीष खटाना, महाराज सिंह, लाल सिंह यादव, पर्ल चौधरी, नीलम भगवाडिया,इब्राहिम इंजीनियर,निर्मल यादव,के एल यादव सूबे सिंह यादव,अशु शर्मा, भारत मदान, मुकेश सिंगला, प्रवीण यादव, भरत सिंह तोगड,जगमोहन यादव,सतबीर पहलवान,मनोज आहूजा, सुधीर शर्मा, ओमवीर भौडा,सन्नी यादव,राजेश कुमार,सुनील यादव, बालकिशन यादव, प्रवीण सरपंच,सत्यदेव शर्मा, सतीश भाटिया, राजकुमार, मनोज शर्मा, रविंद्र ठाकुर, प्रदीप ठाकरान समेत हनी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# संस्कृति के उत्थान के लिए सनातन परम्पराओं व मूल्यों को धारण करने की आवश्यकता: सीएस बी. नरसिम्हन

**-ओम शांति रिट्रीट सेंटर में हुआ क्रिएटिंग ए कल्चर ऑफ वेल बीइंग**
**-फाइनेंस प्रोफेशनल्स के लिए हुआ कार्यक्रम का आयोजन**

**गुरुग्राम।** ब्रह्माकुमारीज के ओम शांति रिट्रीट सेंटर में फाइनेंस प्रोफेशनल्स के लिए क्रिएटिंग ए कल्चर ऑफ वेल बीइंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें सीए, सीएस, सीएमए और एडवोकेट्स सहित 200 से भी अधिक लोग शामिल हुए। इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरी के अध्यक्ष सीएस बी. नरसिम्हन ने बतौर मुख्य अतिथि सभा को संबोधित किया।



उन्होंने कहा कि संस्कृति के कल्याण के लिए हमें मूल्यों और सनातन परम्पराओं को अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से समाज में जागृति आयेगी। इस प्रकार का आयोजन एक नई चेतना का संचार करता है। श्रेष्ठ संस्कृति का निमार्ण विषय पर बोलते हुए संस्था के अतिरिक्त महासचिव राजयोगी बीके बृजमोहन ने कहा कि आज मानव की पहचान उसके प्रोफेशन के आधार से होती है। जिस कारण मानव मूल्यों की पहचान खो गई है। श्रेष्ठ संस्कृति के निर्माण के लिए श्रेष्ठ संस्कारों की आवश्यकता है। जब हम ह्यूमन बीइंग कहते हैं तो बीइंग वास्तव में आत्मा का सूचक है। लेकिन बीइंग को भूलकर हम केवल स्वयं को ह्यूमन समझते हैं। शांति, प्रेम और आनंद जैसे मूल गुण वास्तव में आत्मा में निहित हैं। समाज और संस्कृति के कल्याण के लिए आत्मा के इन्हीं मौलिक गुणों की आवश्यकता है। आत्मिक गुणों को जागृत करने के लिए मन और बुद्धि का सम्बन्ध परमात्मा से जरूरी है।

आध्यात्मिकता से ही होती है सकारात्मक चिंतन की शुरुआत

राजयोगिनी बीके योगिनी ने कहा कि अधिक वर्क लोड और कॉम्पिटिशन के कारण तनाव बढ़ रहा है। आज हम केवल बाहर की तरफ भाग रहे हैं। हमारी असली शक्ति आंतरिक स्वरूप में निहित है। आध्यात्मिकता ही हमें तनाव से मुक्त कर सकती है। आध्यात्मिकता एक सकारात्मक चिंतन की शुरुआत करती है। राजयोग के अभ्यास से सहज ही चिंता मुक्त बन सकते हैं। डॉ. स्वाति, पार्टनर डिलॉइट, माइक्रोसॉफ्ट की सीएफओ रेखा तल्लूरी, सीए ऋषभ श्यामसुखा, सीए राज चावला, सीएमए निखिल गुप्ता एवं सीए अमित गुप्ता ने भी कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त किए। संस्था के मुख्यालय माउंट आबू से आई एडवोकेट बीके लता ने राजयोग के अभ्यास से शांति की गहन अनुभूति कराई। बीके येशु ने मंच संचालन किया।

# माउंट हैरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में भव्य रूप से मना वार्षिकोत्सव



**फरीदाबाद की आवाज**

**रेवाड़ी।** शनिवार को रेवाड़ी जिले के गांव बालियार खुर्द स्थित माउंट हैरिटेज इंटरनेशनल स्कूल ने अपना वार्षिकोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया। उक्त जानकारी देते हुए स्कूल के चेयरमैन प्रवीण गोयल ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा पर्यटन निगम चेयरमैन डॉ अरविंद यादव व अति विशिष्ट अतिथि के रूप में एचपीएससी की सदस्य ममता यादव ने शिरकत की। अतिथियों ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की थीम विरासत रखी गई थी। जिसमें स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक नृत्य जिसमे एनिमल डांस, गोवा डांस, क्रिसमस व नववर्ष का सुंदर प्रदर्शन किया। मोबाइल फोन नामक नुक्कड़ नाटक से मोबाइल के फायदे व नुकसान की जानकारी दी। होली, बैसाखी, तीज, रक्षाबंधन, स्वतंत्रता दिवस, जन्माष्टमी, गणेश उत्सव, नवरात्रि, दीपावली आदि त्योहारों की नृत्य के माध्यम से भारतीय संस्कृति की झलक पेश की। निदेशक प्रशांत गोयल ने बताया कि माउंट हैरिटेज इंटरनेशनल स्कूल जिले का पहला स्कूल है जिसने सबसे पहले अपने बच्चों को जापानी भाषा सिखाई। स्कूल प्राचार्य समर भारद्वाज ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पेश की। मुख्य अतिथि डॉ अरविंद यादव ने अपने संबोधन में कहा कि गोयल परिवार स्कूली बच्चों में शिक्षा के साथ साथ भारत की विरासत व संस्कृति को भी पोषित कर रहे है जो बधाई के पात्र हैं।

# क्राइम डायरी

## फरीदाबाद की साइबर पुलिस ने 26 जनवरी से 01 फरवरी तक साइबर अपराध के 4 मामले सुलझाते हुए 11 आरोपियों को किया गिरफ्तार




**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** पुलिस द्वारा आमजन को साइबर ठगी से बचाने के लिए साइबर एडवाइजरी जारी की गई है जिसमें आमजन को सोशल मीडिया पर साइबर अपराधियों के द्वारा बिछाए गए जाल के संबंध में जागरुक किया है। साइबर अपराधियो द्वारा आमजन को अपनी जाल में फंसा कर अलग-अलग तरीकों से साइबर फ्रॉड किए जा रहे है।

**साइबर अपराध के तरीके-**आजकल साइबर अपराधियों की गैंग आपके पास व्हाट्सएप के माध्यम से मैसेज भेजती हैं और घर बैठे टास्क पूरा करके पैसे कमाने का लालच देते हैं। पैसों के लालच में आकर व्यक्ति वह काम करने के लिए तैयार हो जाता है और आमजन से छोटी-छोटी रकम लगवाते हैं जिसके लिए साइबर अपराधी उसे पहले छोटे-छोटे टास्क देते हैं जैसे यूट्यूब वीडियो लाइक करना आदि। वह टास्क पूरा करने के बाद साइबर अपराधी उन्हें उस रकम से बढ़कर कुछ पैसे वापस कर देते हैं जिस व्यक्ति को और लालच आ जाता है। इसके पश्चात साइबर अपराधी उस व्यक्ति को टेलीग्राम पर ले जाते हैं और एक ग्रुप में जोड़ देते हैं और फिर उन्हें मोटी रकम का टास्क पूरा करके पैसे कमाने का लालच देते हैं। इस प्रकार जब वह व्यक्ति पूरी तरह साइबर अपराधियों के लालच में फंस जाता है तो वह साइबर अपराधी उससे पैसे डलवा लेते हैं। यदि आपके पास भी कोई इस प्रकार का मैसेज आए और घर बैठे पैसे कमाने का लालच दे तो समझ जाएं कि वह साइबर फ्रॉड है इस प्रकार का कोई भी मैसेज आए तो उसे पर विश्वास ना करें और उसे तुरंत डिलीट करते हैं। आजकल साइबर अपराधी लोगों के पास उनके फोन पर उनके अकाउंट में पैसे आने का फेक मैसेज भेजते हैं और मैसेज भेजने के बाद लोगों के पास फोन करके बोलते हैं कि वह किसी और के पास पैसे भेजना चाहते थे लेकिन यह गलती से उनके खाते में चले गए हैं आप कृपया करके वह पैसे वापस भेज दें। भोले भाले लोग जिन्हें ज्यादा जानकारी नहीं होती वह फेक मैसेज देखकर साइबर अपराधियों की बातों में आ जाते है और साइबर ठग द्वारा बताए गए खाते में पैसे डाल देता है और जब बाद में उसे पता चलता है कि उसके खाते में कोई पैसे नहीं आए थे तो उसे अपने साथ हुई साइबर ठगी का पता चलता है।

## क्राइम ब्रांच सेक्टर 85 की टीम ने

# 20 दिन पहले तिल्लोरी खादर में हुई हत्या के मामले में आरोपियों को असला सप्लाई करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 85 प्रभारी जोगिंदर सिंह की टीम ने 20 दिन पहले हत्या के मुकदमे में आरोपियों को असल सप्लाई करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। बता दें कि गांव तिल्लोरी खादर में 14 जनवरी को जमीन विवाद में प्रॉपर्टी डीलर रामसेवक की हत्या योजना के तहत कर दी है। मृतक के छोटे भाई विजेंद्र पाल की शिकायत पर थाना भुपानी में योजना के तहत अवैध हथियार से हत्या की प्रयास और हत्या की धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। मामले में संज्ञान लेते हुए पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के द्वारा मामले में तुरंत कार्रवाई के दिए गए आदेश डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश तथा एसीपी क्राइम अमन यादव के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 85 प्रभारी जोगिन्द्र सिहँ की टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी मोहित उर्फ़ कपील, गौरव,मुबीन उर्फ़ सेंटी आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अतेंद्र फरीदाबाद के बुढेना गांव का रहने वाला है। इस मामले में मृतक रामसेवक व मामले के मुख्य आरोपी मोहित के बीच जमीनी विवाद चल रहा था जिस कारण पहले भी संबंध में झगड़े हुए हैं जो अब मोहित उर्फ़ कपिल ने इस जमीन विवाद को लेकर रामसेवक को मारने की योजना बनाई थी। योजना के तहत कपिल ने पता किया कि रामसेवक हर रविवार तिल्लोरी खेतों पर जाता है और मोहित उर्फ़ कपील ने अपने साथियो मुबीन, गौरव, और अन्य आरोपी के साथ मिलकर रामसेवक की हत्या की वारदात को अंजाम दिया था। मामले में तीन आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद क्राइम ब्रांच की



टीम ने मामले में आगे कार्रवाई करते हुए आरोपी अतेंद्र को बीपीटीपी एरिया से गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ थाने में अवैध हथियार का एक और मुकदमा दर्ज करके मामले में पूछताछ की गई। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी यह पिस्टल अब्बास नाम के व्यक्ति से 95000 में खरीद कर लाया था जिसकी तलाश जारी है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी के खिलाफ इससे पहले भी अवैध हथियार व लड़ाई झगड़े के कई मुकदमे दर्ज हैं।

3. कभी भी किसी संदिग्ध मैसेज, ईमेल व कॉल का उत्तर नही देना चाहिए।

4. कभी भी अपने मोबाइल फोन, लैपटॉप या पीसी भी ऐसी कोई भी ऐप्लिकेशन डाउनलोड नही करनी चाहिए, जिसके कारण आपकी डिवाइस को रिमोटली कण्ट्रोल किया जा सके।

5. किसी भी अनजान या संदिग्ध लिंक पर क्लिक नही करना चाहिए, इससे आपकी सारी व्यक्तिगत जानकारी साइबर अपराधियों के पास जा सकती है।

6. कोई भी बैंक अधिकारी या ग्राहक सेवा अधिकारी फोन कॉल, ईमेल या मैसेज के जरिए आपकी व्यक्ति जानकारी नही मांगता है। इसलिए किसी को भी अपनी बैंकिंग संबंधित व अन्य व्यक्ति जानकारी सांझा नही करनी चाहिए।

7. सोशल मीडिया या अन्य किसी भी माध्यम से आपको सस्ता रेट में सामान खरीदने का ऑफर मिलता है तो उसकी पैमेंट करने से पहले उसकी अच्छी तरह से जांच परख कर लें।

8. किसी भी अनजान नम्बर से आने वाली वीडियो/ऑडियो कॉल को नही उठाना चाहिए। साइबर अपराध हॉट स्पॉट्स स्टेट- कई राज्यों साइबर अपराधियों का हॉट स्पॉट चिन्हित किया गया है। जिसमें अकेले राजस्थान के भरतपुर क्षेत्र के 49 हॉट स्पॉट, झारखण्ड (जामताड़ा) 05, महाराष्ट्र में 05 व दिल्ली में 07 साइबर अपराध हॉट स्पॉट पाए गए हैं। जिन पर कार्यवाही करते हुए साइबर पुलिस द्वारा 2726 मोबाइल नम्बर बंद कराने में सफलता हासिल की है।

## क्राइम ब्रांच बॉर्डर ने देसी कट्टे सहित एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा द्वारा आपराधिक वारदातों पर अंकुश लगाने के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच बॉर्डर प्रभारी जितेंद्र कुमार की टीम ने अवैध हथियार के मुकदमे में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम सोनू उर्फ दीपक है जो उत्तर प्रदेश के धनकौर एरिया का रहने वाला है तथा फिलहाल फरीदाबाद के मच्छगर गांव में रह रहा था। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को अवैध हथियार सहित सेक्टर 37 बाईपास से काबू कर लिया। आरोपी के कब्जे से एक देसी कट्टा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। आरोपी से मामले में गहनता से पूछताछ करने के लिए उसे सराय थाने लाकर उसके खिलाफ अवैध हथियार अधिनियम के धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज



करके मामले में गहनता से पूछताछ शुरू की गई। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी पिछले कई वर्षों से चोरी तथा अवैध हथियार के मामलों में संलिप्त है। मां की मृत्यु होने के पश्चात आरोपी का पिता उसकी सही से देखभाल नहीं कर पाया और जिसकी वजह से आरोपी गलत संगत में पड़ गया और चोरी की वारदातों को अंजाम देने लगा।

## क्राइम ब्रांच 56 ने नशा तस्करी करते आरोपी को गिरफ्तार कर 310 ग्राम गांजा किया बरामद

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा द्वारा नशा तस्करी की वारदातों पर अंकुश लगाने के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 56 प्रभारी शीशपाल की टीम ने नशा तस्करी के मुकदमे में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम हीरा (23) है जो फरीदाबाद की संजय कॉलोनी का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को



अवैध नशे सहित काबू कर लिया। आरोपी के कब्जे से 310 ग्राम गांजा बरामद किया गया। आरोपी से जब पूछताछ की गई तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। इसके पश्चात आरोपी को मुजेसर थाने लाकर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले में पूछताछ की गई जिसमें सामने आया कि आरोपी नशा करने का आदी है और नशे की आपूर्ति के लिए अवैध नशा बेचता है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी अपने एक साथी मुकेश से यह गांजा लेकर आया था जिसकी पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है और जल्द ही उसकी धरपकड़ की जाएगी। पुलिस पूछताछ पूर्ण होने के पश्चात आरोपी को अदालत में पेश करके कानून के तहत कार्रवाई अमल में लाई गई है।

# बदले की भावना से स्वयं का नुकसान

**जब कभी भी आप अपने क्रोध का करीब से निरीक्षण करेंगे तो पाएंगे कि इसके मूल में आपके आत्मसम्मान या अभिमान में लगी ठेस, सपनों का टूटना या कोई ऐसा ही कारण रहा होगा, जिससे आप हतप्रभ रह गए होंगे।**




हालांकि ये कारण ऐसे हैं, जिनसे बिना क्रोध किए भी आसानी से निबटा जा सकता है। फिर आप क्रोध क्यों करते हैं? हम सभी के पास कुछ न कुछ ऐसा है, जिसे हम एक-दूसरे को जाने बिना भी दे सकते हैं। यह कुछ आखिर है क्या, जिसे किसी अपरिचित को भी दिया जा सकता है। क्या नुकसान की आशंका में इससे कोई तनाव उत्पन्न नहीं होगा? आपको आश्चर्य होगा, लेकिन यह सच है कि इससे आपको कोई नुकसान नहीं होगा, बल्कि आपके अंतरतम में पहले से मौजूद तनाव भी कहीं तिरोहित हो जाएगा। आज हर कोई गुस्से से पागल हुआ जा रहा है। बचे-बूढ़े भी इससे अछूते नहीं हैं।

## क्रोध है शैतान

दरअसल, क्रोध एक ऐसी समस्या है, जिसकी तुलना शैतान से की गई है। इसका संबंध सिर्फ बुरी भावनाओं या मनोवैज्ञानिक समस्याओं से ही नहीं, बल्कि आध्यात्मिकता से भी है। हॅरिस के अनुसार क्रोध क्षणिक पागलपन है, जबकि थॉमस फ्यूलर इसे समुद्र में उठा तूफान मानते हैं। इसका अर्थ यह नहीं है कि क्रोध के दुष्परिणामों से डरकर हम इसका दमन शुरू कर दें। क्रोध का दमन अक्सर गंभीर परिणामों को जन्म देता है, जिससे क्रोध करने वाला तो प्रभावित होता ही है, कई निर्दोष भी प्रभावित हो जाते हैं। हम अचानक ही एक दिन में क्रोध करना नहीं छोड़ सकते। क्रोध पर नियंत्रण एक क्रमिक प्रक्रिया है। क्रोध पर नजर रखते हुए इसकी तीव्रता को धीरे-धीरे ही कम किया जा सकता है। अरस्तु के अनुसार क्रोध कोई भी कर सकता है। यह बहुत आसान है, लेकिन सही समय, सही कारण, सही व्यक्ति व सही दिशा में इसका प्रक्षेपण आसान नहीं है।

## निंदा से बचें

क्रोध से दूर रहने की पहली शर्त यह है कि आप निर्दोष व्यक्ति, समाज व राष्ट्र की निंदा से बचें। फिर भी यदि आपको गुस्सा आता है तो इसका प्रदर्शन सतही ही रखें। मन में बदले की भावना न रखें। इसके लिए अपनी उन भावनाओं और कारणों को महत्व न दें, जो आपको क्रोध की अग्नि में जलने को मजबूर कर दें। ये भावनाएं या कारण ऐसे हैं, जिनसे क्रोध के बगैर भी आसानी से निबटा जा सकता है। फिर आप क्रोध क्यों करते हैं? क्रोध पर नियंत्रण करना आप आसानी से सीख सकते हैं और अभ्यास के द्वारा इसमें महारत भी हासिल कर सकते हैं। यदि आप जीवन में अपराध व हिंसा से मुक्त रहने की कोशिश करें तो इस संसार में काफी कुछ बदला जा सकता है। हम और यादा रचनात्मक हो सकते हैं। इसके लिए क्रोध करना जरूरी नहीं है। यदि कुछ जरूरी है तो वह है अपनी मानवीय भावनाओं को सिर्फ उजागर करना।



# सबसे आसान रास्ता

एक बार एक डाकू एक संत के पास आया और बोला, महाराज! मैं अपने जीवन से परेशान हो गया हूं। जाने कितनों को मैंने लूटकर दु:खी किया है, उनके घरों को तबाह किया है। मुझे कोई रास्ता बताइए, जिससे मैं इस बुराई से बच सकूं।

संत ने बड़े प्रेम से कहा, बुराई करना छोड़ दो, उससे बच जाओगे। डाकू ने कहा, अच्छी बात है। मैं कोशिश करूंगा। डाकू चला गया। कुछ दिनों के बाद वह फिर लौटकर आया और संत से बोला, मैंने बुराई को छोड़ने की बहुत कोशिश की, लेकिन छोड़ नहीं पाया। अपनी आदत से मैं लाचार हूं। मुझे कोई दूसरा उपाय बताइए।

संत ने थोड़ी देर सोचा, फिर बोले, अच्छा, ऐसा करो कि तुम्हारे मन में जो भी बात उठे, उसे कर डालो, लेकिन प्रतिदिन उसे दूसरे लोगों से कह दो। संत की बात सुनकर डाकू को बहुत खुशी हुई। उसने सोचा कि इतने बड़े संत ने जो मन में आए, सो कर डालने की आज्ञा दे दी है। अब वह बेधड़क डाका डालेगा और दूसरों से कह देगा। यह बहुत ही आसान है। वह उनके चरण छूकर लौट गया। कुछ दिनों के बाद वह फिर संत के पास आया और बोला, महाराज! आपने मुझे जो उपाय बताया था, उसे मैंने बहुत आसान समझा था, लेकिन वह निकला बड़ा कठिन। बुरा काम करना जितना मुश्किल है, उससे कहीं अधिक मुश्किल है दूसरों के सामने अपनी बुराइयों को कहना। फिर थोड़ा ठहरकर वह बोला, दोनों में से अब मैंने आसान रास्ता चुना है। डाका डालना ही छोड़ दिया है।

# शुद्ध आत्माओं का मनन करें

**चरित्र ही मनुष्य के जीवन की अनमोल थाती है। चरित्रविहिन मनुष्य पशु तुल्य होता है।**

संसार में जितने भी धर्म हैं सभी चरित्र का पाठ पढ़ाते तो हैं किंतु चरित्र की सूक्ष्मता का उतनी गंभीरता से विचार नहीं करते जितना जैन दर्शन में किया जाता है। जैन धर्म चरित्र प्रधान धर्म है। जिसमें चरित्र की ही पूज्यता है, मान्यता है। चरित्र बिना ज्ञान कागज के फूल के समान खुशबू रहित है। यही कारण है कि जैन धर्म के मूल मंत्र णमोकार मंत्र में भी किसी व्यक्ति विशेष को नमस्कार न कर उन सभी भव्य आत्माओं को नमस्कार किया है जिन्होंने अपने चरित्र की उत्कृष्टता, पवित्रता एवं उवलता के कारण परमात्मा तत्व की प्राप्ति की है अथवा वर्तमान में जो भी इस मार्ग को अपनाकर चरित्र शुद्धि के मार्ग में अग्रसर हैं, वे ही पूज्य हैं।

## आत्म तत्व की शक्ति

जैन दर्शन के अनुसार प्रत्येक प्राणी की अपनी स्वतंत्र सत्ता है, चाहे वह मनुष्य हो, देव नारकी अथवा पशु ही क्यों न हो। आत्मतत्व की शक्ति की अपेक्षा से सभी जीव समान है। चरित्र शुद्धि के मार्ग पर अग्रसर होना प्रत्येक जीव का प्रथम कर्तव्य है। चरित्र शुद्धि के मार्ग पर अग्रसर होकर ही यह जीव परमात्मा पद, सर्वोच्च पद प्राप्त कर सकता है। अपनी चारित्रिक अशुद्धियों के कारण ही यह जीव इस संसार की चौरासी लाख योनियों में निरंतर भटक रहा है। चरित्र शुद्धि जैन धर्मावलंबियों की धर्म साधना का मूल उद्देश्य होता है तथा जैनियों के जितने भी पर्व होते हैं उनमें चरित्र प्रधान होते है।

## धर्म के लक्षण

सत्य, संयम, तप, त्याग, ब्रह्मचर्य आदि जो है वे सब धर्म के लक्षण हैं। हमारी आत्मा के निज स्वभाव है। मूलत: अपनी स्वाभाविक अवस्था में आत्मा इन्हीं में रमण करती है। जिस प्रकार खुशबू को फूल से अलग नहीं किया जा सकता उसी प्रकार इन गुणों को भी आत्मा से अलग नहीं किया जा सकता।

## आत्मा के विकारी भाव

क्रोध, मान, माया, लोभ, राग, द्वेष, मद-मत्सर, ईर्ष्या आदि के भाव हमारी आत्मा के विकारी भाव है जिन्हें हमें जानना है तथा इनका दृढ़तापूर्वक शमन करना है, दमन करना है। अपनी आत्मा को अपने चरित्र को उवल, पवित्र तथा उत्कृष्ट बनाना है। इन्हीं भावनाओं को भाने के लिए चरित्र में लाने के लिए यह दशलक्षण महापर्व मनाया जाता है। इन दस दिनों में धर्म के स्वरूप के माध्यम से प्रत्येक श्रावक स्वयं अपनी आत्मा का अवलोकन करता है। अपनी सारी बुराइयों का चिंतन करता है तथा उन्हें दूर करने में प्रयासरत होता है, भावना भाता है, तद्नुरूप संयम तथा त्याग का मार्ग अपनाता है। अपने गुरुजनों से धर्म मार्ग पर चलने की प्रेरणा पाता है।

## बुराइयों को नजरअंदाज करें

बुराइयां क्या है, क्यों हैं, किस कारण से हैं, उनका स्वरूप कैसा है तथा वे कैसे-कैसे रूप बदलकर हमारे सामने उपस्थित होतीं हैं यह जानना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है। तभी वह इन बुराइयों से बचकर सत्मार्ग अपना सकता है। बुराइयों को त्यागना तथा अच्छाइयों को अपनाना ही इस महापर्व की सार्थकता है।



## चरित्र की शुद्धता

चरित्र शुद्धि के इस महापर्व पर श्री वीर प्रभु से यही मंगल प्रार्थना करता हूं कि प्रत्येक मनुष्य के मन में एक-दूसरे के प्रति प्रेम, वात्सल्य, भाईचारे के भाव जागृत हो, क्षमा दया के भाव हो, हम स्वयं सदा सुखी रहें और औरों को निरंतर सुखी रखने का प्रयास करें। उनके मंगल की भावना भाएं, विश्व बंधुत्व की भावना से सदा ओत-प्रोत रहें, सुखी रहें। सब जीव जगत की भावनाओं के साथ मंगल विराम लेता हूं।

## त्याग का मार्ग कठिन

त्याग का मार्ग वस्तुत: कठिन प्रतीत होता है। किंतु इसे सरल से सरल प्रक्रिया द्वारा कैसे अपनाया जाए कैसे अपने जीवन में उतारा जाए, कैसे अपने जीवन को स्वावलंबी बनाया जाए तथा कैसे अपने जीवन को पराश्रित होने से बचाया जाए इसकी शिक्षा दशलक्षण पर्व के इन्हीं दस दिनों में सीखने मिलती है। सहजता से जीवन जीने की कला ही धर्म है। और यह पर्व हमें यही कला सिखलाता है।

# सद्विचार का लें संकल्प

**हमारा जीवन भगवान की अद्भुत सृष्टि है। परमात्मा ने हमारे जीवन को कर्मभूमि के रूप में विकसित किया है।**

हमारे जीवन की सफलता-असफलता कर्म पर ही निर्भर करती है। हमारे जीवन की जीवनी शक्ति हमारे विचारों से ही प्रभावित होती है। भगवान किसी को बुरा या अच्छा नहीं बनाता है न ही जन्मकाल में अच्छे-बुरे की पहचान करना संभव है। मनुष्य केवल अपने प्रारब्ध को लेकर आता है, लेकिन आगे चलकर वह जिन विचारों, वातावरण व परिवेश में पलता है, उसमें वैसा ही गुण निर्मित होने लगता है।



## माता-पिता का प्रभाव

संस्कारी माता-पिता के घरों में पलने वाले बच्चों पर माता-पिता का सीधा प्रभाव पड़ता है, लेकिन जो गलत संस्कार में पलते हैं, उनका जीवन दुष्प्रभावित होने लगता है, अत: हमें बचपन से ही अच्छे संस्कारों, विचारों व कार्यों के बीज अंकुरित करना चाहिए। सुबह का समय बड़ा महत्वपूर्ण होता है। अत: प्रात:काल आंखें मूंदकर यह प्रार्थना करो कि, हे परमात्मा! तुम मुझमें शक्ति भरो, मस्तिष्क, मुंह, ग्रीवा, लीवर, किडनी, हृदय आदि को शक्तिवान बनाओ। मेरी इंद्रियों को सबल बनाओ।

## पंच तत्व शरीर को स्वस्थ रखें

पंच तत्व (पृथ्वी, अग्नि, वायु, जल व आकाश) मेरे शरीर को स्वस्थ रखें। यदि तुम जीवन के प्रति उत्तम विचार रखोगे तो तुम्हारा जीवन उत्तम बनेगा और यदि नकारात्मक भाव रखोगे तो नकारात्मक हो जाएगा। शरीर की जीवनी शक्ति नकारात्मक हो जाएगी।

## शरीर विचारों से प्रभावित

हमारा शरीर अपने विचारों से ही प्रभावित होता है। जो लोग जीवन को आंनद के रूप में, ऐश्वर्य व सफलता के रूप में, संगीत के रूप में स्वीकार करते हैं, उनका जीवन आनंदमय हो जाता है। हालांकि ऐसे लोग भी हैं जो जीवन को निराशा, असफलता व विपत्ति के रूप में स्वीकारते हैं, उनका जीवन आंसू बनकर बह जाता है। प्रश्न यह है कि हम अपने जीवन को आंनद के रूप में स्वीकारते हैं या दु:ख के सागर के रूप में, जीवन को इससे कुछ लेना-देना नहीं है कि वह जीवन में दु:ख लेकर आए या सुख लेकर। जीवन तो सीधा जीवन है, आप उसे जिस पात्र में रखेंगे, उसका स्वरूप वैसा ही हो जाएगा। जैसे गंगाजल को घड़े में रखेंगे तो वह घड़े का और लोटे में रखेंगे तो लोटे का रूप धर लेगा। इसी प्रकार आप जीवन को जिस पात्र में रखेंगे उसका स्वरूप वैसा ही हो जाएगा।

## संपूर्ण जीवन के स्वामी

जीवन को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कैसा पात्र हैं। हम एक संपूर्ण जीवन के स्वामी हैं। यदि हमारे जीवन में कोई विकृति है, कोई विकार है तो हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि अब मेरा विकार नष्ट हो रहा है, दुर्गन्ध नष्ट हो रही है। मेरे जीवन में सद्गुण उदित हो रहा है। मैं स्वस्थ हो रहा हूं। मेरी इन्द्रियां स्वस्थ हो रही है। मेरी ऊर्जा शक्ति बढ़ रही है। ऐसे विचारों को प्रतिदिन प्रसन्नतापूर्वक स्वीकार करना चाहिए और यह संकल्प लेना चाहिए कि मैं क्रियाशील रहूंगा। आलस्य का त्याग करूंगा। नशे का सेवन नहीं करूंगा। लोगों से मुस्कुराकर बात करूंगा। क्रोध पर विजय प्राप्त करूंगा। मन की सारी बुरी भावनाओं का त्याग कर दूंगा। अच्छे विचारों से प्रेरित होकर सुबह से शाम तक अपने काम को पूर्ण करूंगा। ऐसे विचारों के उदय होने से हमारे जीवन में आनंद के फूल खिलने लगेंगे।

# रास्ते के दीपक



**हमें आध्यात्मिक और व्यावहारिक ज्ञान संतों की संगति में ही मिलता है। सत्संग हमारे कोरे और मलिन हृदयों को ज्ञानवान और पवित्र बनाने का ही एक मार्ग है। इनसे हमें कतराना नहीं चाहिए। संत ही हमारे पथ के दीपक होते हैं।**

एक बार संत नामदेव जी के सत्संग में गृहस्थ शामनाथ अपने पुत्र तात्या को लेकर आए। शामनाथ पक्के धार्मिक और सत्संगी थे, जबकि उनका पुत्र धर्म-कर्म और साधु-संतों की संगत से भी दूर भागता था। संत नामदेव को शीश नवाते हुए शामनाथ ने कहा, महाराज, यह मेरा पुत्र तात्या है। सारा दिन कामचोरी और आवारागर्दी में व्यतीत करता है। सत्संग के नाम से भी बिदकता है। कृपया इसका मार्गदर्शन कीजिए। शायद आपके समझाने से इसे कुछ ज्ञान हो जाए। शाम हो चली थी। नामदेव दोनों को मंदिर के पीछे लंबी-चौड़ी दालान में ले गए। वहां कोने में एक लालटेन जल रही थी, मगर संत उन दोनों को लालटेन से दूर दूसरे अंधेरे कोने में ले गए तो तात्या बोल उठा, महाराज, यहां अंधेरे में क्यों बैठते हैं। वहां लालटेन के पास चलिए ना। वहां हमें लालटेन का उचित प्रकाश भी मिलेगा। हम एक-दूसरे को देख तो सकेंगे। यह सुनकर नामदेव जी मुस्कराए और बोले, पुत्र, तुम्हारे पिता भी तुम्हें दिन-रात यही समझाने में लगे रहते हैं। हमें प्रकाश तो लालटेन के पास जाने से ही मिलता है। मगर हम अंधकार में ही हाथ-पैर मारते रह जाते हैं। ठीक इसी प्रकार हमें आध्यात्मिक और व्यावहारिक ज्ञान भी संतों की संगति में ही मिलता है। सत्संग हमारे कोरे और मलिन हृदयों को ज्ञानवान और पवित्र बनाने का ही एक मार्ग है। इनसे हमें कतराना नहीं चाहिए। संत ही हमारे पथ के दीपक होते हैं। सटीक व सहज भाव से दिए गए ज्ञान ने तात्या की आत्मा को भी प्रकाशवान कर दिया।

# जानिए रुद्राक्ष के वैदिक रहस्य...

ग्यारहमुखी रुद्राक्ष को साक्षात रुद्र माना जाता है। यह 11 रुद्रों एवं भगवान शंकर के ग्यारहवें अवतार संकटमोचन महावीर बजरंगबली का प्रतीक है। इसे धारण करने वाले व्यक्ति को सांसारिक ऐश्वर्य और संतान सुख प्राप्त होता है और उसकी सारी ऊपरी बाधाएं दूर होती हैं। तेरहमुखी रुद्राक्ष साक्षात इंद्र का स्वरूप है। यह कार्तिकेय के समान समस्त प्रकार के ऐश्वर्य देता है और कामनाओं की पूर्ति करता है। इसे धारण करने से व्यक्ति सभी प्रकार की धातुओं एवं रसायनों की सिद्धि का ज्ञाता हो जाता है। प्राचीन वेदों के अनुसार अनुसार कामदेव को भी तेरहमुखी रुद्राक्ष का देवता माना गया है। पंद्रहमुखी रुद्राक्ष को भगवान पशुपतिनाथ का स्वरूप माना गया है। यह धारक के आर्थिक एवं आध्यात्मिक स्तर को उठाकर उसे सुख, संपदा, मान- सम्मान-प्रतिष्ठा एवं शांति प्रदान करता है।


पंद्रहमुखी रुद्राक्ष विशेष रूप से नजर दोष और भूत बाधा से मुक्ति प्राप्ति के लिए धारण किया जाता है।

बीसमुखी रुद्राक्ष को जनार्दन स्वरूप कहा गया है। इसे धारण करने से भूत, पिशाच आदि का भय नहीं रहता। बीसमुखी रुद्राक्ष धारण करने से क्रूर ग्रहों का अशुभ प्रभाव भी नहीं पड़ता है। इसे पहनने वाले को सर्पादि विषधारी प्राणियों का भी भय नहीं होता है।



# राजनीति में आये अभिनेता विजय बनेंगे नायक या खलनायक

तमिलनाडु की सियायत में सितारों की इंट्री का लंबा इतिहास रहा है। अब तमिल अभिनेता विजय ने भी अपनी पार्टी बनाकर राजनीति में आने का फैसला कर लिया है। सुपरस्टार की छवि रखने वाले विजय को नई पारी में जीत मिलेगी, वे नायक बनकर उभरेंगे या फिर मौजूदा दलों के लिए बाधा बनकर उभरेंगे, यह तो समय ही तय करेगा। यहां बतलाते चलें कि सुपरस्टार विजय ने राजनीतिक पार्टी तो बना ली है, लेकिन वो साल 2024 के आम चुनावों में हिस्सा नहीं लेंगे। वैसे आम चुनाव से पहले विजय ने पार्टी का ऐलान करके राज्य की राजनीति को ताजा हवा का झोंका तो दे ही दिया है। इससे फर्क नहीं पड़ता कि उन्होंने साफ किया है कि उनकी पार्टी लोकसभा चुनाव नहीं बल्कि 2026 में विधानसभा चुनाव लड़ेगी। तमिलनाडु की राजनीति में सितारों की बात करें तो एमजीआर, के करुणानिधि और जयललिता ने लगभग 50 वर्षों तक राज्य की राजनीति पर हुक्म चलाया। अभी भी करुणानिधि द्वारा बनाई गई डीएमके सत्ता में है। एम के स्टालिन राज्य के सीएम हैं। उनके बेटे उदयनिधि स्टालिन को उनके उत्तराधिकारी के तौर पर भी देखा जा रहा है। बता दें कि एक्टर विजय ने ऐसे वक्त पर पार्टी बनाई है राज्य में डीएमके सत्ता में है और एआईएडीएमके खेमों में बंटी हुई है। अभिनय से राजनीति में आए विजयकांत का निधन हो चुका है। रजनीकांत स्वास्थ्य कारणों से अब राजनीति में सक्रिय नहीं है, तो वहीं केंद्र की सत्ता का काबिज बीजेपी राज्य में पूर्व आईपीएस अधिकारी के अन्नामलाई को मोर्चे पर लगाकर राज्य में अपनी पैठ बनाने में जुटी है। हालांकि अभिनेता विजय की पार्टी को लेकर चर्चा यह भी हो रही है कि 2026 को चुनावों में लड़ाई युवा और नए चेहरों के बीच ही होगी। ऐसे में राजनीतिक विश्लेषक यही कह रहे हैं कि विजय राजनीति में किसके लिए नायक और किसके लिए खलनायक बनते हैं यह देखने वाली बात होगी।



# शाहिद कपूर और कृति सेनन चर्चाओं में

आजकल अपनी आने वाली फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया को लेकर अभिनेता शाहिद कपूर और अभिनेत्री कृति सेनन चर्चाओं में हैं। इस रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म में शाहिद की जोड़ी कृति के साथ पहली बार बनी है। इस बीच फिल्म का तीसरा गाना रिलीज हो गया। इसका टाइटल 'तुम से' है। गाने में शाहिद और कृति एक-दूसरे के प्यार में डूबे नजर आ रहे हैं। इसे सचिन-जिगर, राघव चैतन्य और वरुण जैन ने मिलकर गाया है। गाने के बोल इंद्रनील ने लिखे हैं। गाने को टी-सीरीज यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इससे पहले फिल्म के दो गाने 'लाल पीली अखियां और अखियां गुलाब सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था। फिल्म का डायरेक्शन अमित जोशी और आराधना साह ने मिलकर किया है। पिछले दिनों फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ था। इसमें शाहिद रोबोट बनीं कृति के प्यार में डूबे नजर आए। फिल्म में गुजरे जमाने के दो दिग्गज स्टार धर्मेंद्र और डिंपल कपाड़िया भी हैं।




# घटती कमाई के बावजूद फाइटर ने 150 करोड़ का आंकड़ा किया पार

ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की फिल्म फाइटर इन दिनों चर्चा में है। हालांकि, जिस तरह से फिल्म को लेकर हो-हल्ला मचा हुआ था, इसने बॉक्स ऑफिस पर उस तरह का प्रदर्शन नहीं किया। फिल्म कहानी और किरदारों से कहीं ज्यादा अपने एरियल एक्शन को लेकर चर्चा में है। फिल्म ने 22 करोड़ रुपये के साथ अपना खाता खोला था। आइए जानते हैं अब तक यह फिल्म कितने करोड़ रुपये का कारोबार कर चुकी है। फाइटर ने अपनी रिलीज के 8वें दिन यानी दूसरे गुरुवार को जहां 6 करोड़ रुपये कमाए थे, वहीं 9वें दिन यानी दूसरे शुक्रवार को फिल्म की कमाई में और गिरावट दर्ज की गई। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, फाइटर ने 5.35 करोड़ रुपये अपने खाते से जोड़े और इसी के साथ भारत में फिल्म ने 150 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। इसकी कमाई लगभग 151.85 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। करीब 250 करोड़ के बजट में बनी यह फिल्म 9 दिनों में अब कहीं जाकर अपनी लागत वसूल पाई है। दुनियाभर में इस फिल्म ने अब तक कुल 253 करोड़ रुपये कमाए हैं। बॉक्स ऑफिस पर लगातार घट रही फिल्म की कमाई देख यह तो साफ है कि बॉक्स ऑफिस पर फाइटर का प्लेन बुरी तरह लडखड़ा गया है और 200 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल होने के लिए इसे कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। अनिल कपूर, करण सिंह ग्रोवर, अक्षय ओबेरॉय, संजीदा शेख और आशुतोष राणा जैसे सितारे भी फाइटर का हिस्सा हैं। उधर ऋषभ साहनी फिल्म के विलेन हैं। फाइटर का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद ने किया है, जिन्होंने पिछली बार शाहरुख खान संग पठान जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म दी थी। ऋतिक की फिल्म वॉर और बैंग बैंग का निर्देशन भी उन्होंने ही किया था। फाइटर के जरिए ऋतिक-सिद्धार्थ तीसरी बार साथ आए हैं। फिल्म 25 जनवरी को रिलीज हुई थी। ऋतिक को जल्द ही फिल्म वॉर 2 में देखा जाएगा, जिसके निर्देशन की कमान इस बार निर्देशक अयान मुखर्जी को सौंपी गई है। फिल्म में साउथ के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर भी नजर आएंगे। फिल्म में उन्हें ऋतिक के साथ दो-दो हाथ करते देखा जाएगा। उधर दीपिका की फिल्म सिंघम अगेन कतार में हैं। इसके अलावा प्रभास और अमिताभ बच्चन के साथ पैन इंडिया फिल्म कल्कि 2898 एडी भी उनकी आने वाली बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शुमार है।

# अगस्त में शुरू हो सकती है डॉन 3 की शूटिंग!

बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह की आने वाली फिल्म डॉन 3 की शूटिंग अगस्त में शुरू हो सकती है। बॉलीवुड फिल्मकार फरहान अख्तर ने वर्ष 2023 में डॉन की तीसरी किस्त की अनाउंसमेंट की थी। साथ ही साथ फरहान अख्तर ने नए डॉन के चेहरे की झलक भी दिखाई थी। फिल्म डॉन 3 में रणवीर सिंह लीड रोल में नजर आएंगे। फिल्म 'डॉन 3' को लेकर एक नया अपडेट सामने आ रहा है। कहा जा रहा है कि फिल्म 'डॉन 3' का प्री-प्रोडक्शन अगले महीने मार्च से शुरू होने वाला है। 'डॉन 3' फिलहाल कास्टिंग स्टेज पर है। वहीं 'डॉन 3' का शूटिंग शेड्यूल इस साल अगस्त महीने से शुरू होगा। इससे पूर्व डॉन फेंचाइजी की दोनो फिल्मों में शाहरूख खान ने मुख्य भूमिका निभायी थी।

# कैलिफोर्निया हवेली से बाहर हो गए प्रिंयका-निक


हालीवुड गायक निक जोनस और अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस अपनी भव्य कैलिफोर्निया हवेली से बाहर चले गए हैं। दोनों के सपनों के घर में पानी के कारण फफूंद लग गई। इस वाकये के बाद कानूनी लड़ाई शुरू हो गई, जो अभी भी चल रही है। हालांकि, मई 2023 में दायर एक मुकदमे की एक प्रति के अनुसार पूल और स्पा ने अप्रैल 2020 के आसपास परेशानी पैदा करनी शुरू की दी, जिसमें वॉटरप्रूफिंग भी शामिल थी, जो मोल्ड संदूषण और संबंधित मुद्दों को बढ़ावा देती थी। लगभग उसी समय, डेक पर बारबेक्यू क्षेत्र में पानी का रिसाव दिखा। शिकायत में कहा गया है, इस रिसाव से डेक के ठीक नीचे आंतरिक रहने वाले क्षेत्र का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

रिपोर्ट के अनुसार घर की समस्याओं ने कथित तौर पर परिसर को रहने के लिए लगभग अनुपयुक्त और स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से खतरनाक बना दिया है। इसके परिणामस्वरूप विचार की विफलता के साथ-साथ पर्याप्त और महत्वपूर्ण क्षति हुई है, जिसके लिए आवश्यक है कि खरीद और बिक्री को रद्द कर दिया जाए, मुकदमे में आगे यह भी कहा गया है कि जोनास और चोपड़ा अपने ट्रस्टी के माध्यम से क्षति की मांग कर रहे हैं। उनके वकील आगे तर्क देते हैं, विकल्प में वादी को मरम्मत की सभी लागतों की प्रतिपूर्ति की जानी चाहिए, साथ ही प्रतिवादियों के आचरण के कारण उपयोग के नुकसान और अन्य क्षति के लिए मुआवजा दिया जाना चाहिए।

सटीक लागत अभी तक निर्धारित नहीं की गई है, लेकिन शिकायत के अनुसार, वॉटरप्रूफिंग मुद्दे 1.5 मिलियन डॉलर से अधिक होंगे और सामान्य क्षति लगभग 2.5 मिलियन डॉलर होने का अनुमान है। बता दें कि इस जोड़े ने सितंबर 2019 में 20 मिलियन डॉलर में लग्जरी संपत्ति खरीदी, जिसमें सात बेडरूम, नौ बाथरूम, एक शेफ की रसोई, तापमान नियंत्रित वाइन रूम, एक इनडोर बास्केटबॉल कोर्ट, इंटीरियर बॉलिंग एली, एक होम थिएटर, एक मनोरंजन लाउंज, स्टीम शॉवर के साथ स्पा, जिम और बिलियर्ड्स रूम है।




# चंदू चैंपियन की फाइनल शूटिंग पूरी



ब्लॉकबस्टर चंदू चैंपियन की आख़िरकार फाइनल शूटिंग पूरी हो चुकी है! साजिद नाडियाडवाला और कबीर खान द्वारा प्रस्तुत कार्तिक आर्यन अभिनीत इस फिल्म में कार्तिक आर्यन का चौंकाने वाला बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन फिल्म का आकर्षक हिस्सा है! चंदू चैंपियन फिल्म में एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के तीन बड़े नाम हैं – साजिद नाडियाडवाला, कबीर खान, और कार्तिक आर्यन साथ आएं हैं, इनका साथ आना दर्शकों के उत्साह को एक अलग लेवल पर लेकर जा रहा है. ये कहना गलत नहीं होगा कि ये साल की सबसे बेसबरी से इंतज़ार की जाने वाली फिल्म है, और अब उसने अपनी शूटिंग को ख़त्म कर लिया है।

इसके अलावा, फिल्म कार्तिक आर्यन को सिल्वर स्क्रीन पर पहले कभी न देखे गए अवतार को पेश करेगी और उनका चौंकाने वाला बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन दर्शकों को हैरान करने की गारंटी देता है। तो है न यह फिल्म में दर्शकों के लिए देखने लायक एक जबर्दस्त आकर्षण। कार्तिक और कबीर के पहले कोलैबोरेशन को दर्ज करते हुए, ये फिल्म साजिद नाडियाडवाला के साथ सत्यप्रेम की कथा की ब्लॉकबस्टर के बाद एक्टर की दूसरी फिल्म है। तीनो एक दिलचस्प सच्चाई पर आधारित कहानी के साथ जुड़ रहे हैं, जिसने आत्मसमर्पण करने से इनकार कर दिया था।





# पूनम पांडे पर बहुत ज्यादा भड़की राखी सावंत?

क्या सच में पूनम पांडे की मौत सर्वाइकल कैंसर से हुई या नहीं, ये सारा सस्पेंस आखिरकार खत्म हो गया है। महिला ने एक वीडियो बनाया है जहां उसने पुष्टि की है कि वह वास्तव में जीवित है, लेकिन पूरी पहल इस बीमारी के बारे में चर्चा शुरू करने के लिए थी जिसके बारे में भारतीय समाज में शायद ही बात की जाती है। उन्होंने कहा कि वह समाज और मीडिया के सभी वर्गों से प्यार और भावनाओं का प्रवाह देखकर अभिभूत हैं। लेकिन उन्होंने कहा कि लोगों को समझना चाहिए कि उन्होंने ऐसा अभियान शुरू करने का फैसला क्यों किया। मॉडल पूनम पांडे जिंदा हैं। उनकी मौत की खबरों ने सभी को सदमें में डाल दिया था। 2 फरवरी को पूनम पांडे की मौत की खबरों ने पूरा दिन सुर्खियां बटौरा। सर्वाइक कैंसर को पूनम की टीम ने उनकी मौत की वजह बताया। राखी सावंत ने सहित कई सितारों ने पूनम पांडे की मौत पर दुखद संदेश पोस्ट किया। अब जब उन्होंने अपने जीवित होने की घोषणा की तब सभी ने उनकी ऐसी हरकत के लिए उन्हें जमकर खरी खोटी सुनाई। राखी सावंत ने सर्वाइकल कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया पर मौत का झांसा देने के लिए पूनम पांडे की आलोचना की। कई सेलेब्स ने उनकी आलोचना करते हुए कहा है कि यह उन लोगों का पूरी तरह से मजाक है जो वास्तव में पीड़ित हैं। उन्होंने कहा कि प्रासंगिक/प्रचारित होने की सनक ने पीआर प्रबंधकों को अपने ग्राहकों को बढ़ावा देने के लिए नई ऊंचाइयों को छूने पर मजबूर कर दिया है। ऐसा लगता है कि पूनम पांडे को इसके लिए कानूनी परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। कई नेटीजन चाहते हैं कि कानून निर्माता सोशल मीडिया पर ऐसी फर्जी खबरों के खिलाफ सख्त कदम उठाएं। इस रिपोर्ट के कई लोगों पर चौंकाने वाले परिणाम हुए।

# ओटीटी पर भी हीरामंडी डेब्यू के लिए तैयार

'हीरामंडी' कलाकारों और निर्माताओं ने फिल्म के पहले लुक की झलक दिखाई। भंसाली अब ओटीटी पर भी मोस्ट अवेटेड वेबसीरीज हीरामंडी से डेब्यू करने वाले हैं। इसमें कई एक्ट्रेस एकसाथ नजर आएंगी। मेकर्स ने इसका फर्स्ट लुक रिवील कर दिया।

'हीरामंडी' के साथ भंसाली ने आजादी से पहले भारत में वेश्याओं के जीवन में प्यार और धोखे की कहानियों को बयां किया है। झलक से पता चलता है कि कभी तवायफ भी रानी की तरह रहा करती थीं। वीडियो की शुरुआत में मनीषा कोइराला अजीब सी मुस्कान के साथ दिखती हैं। इसके बाद अदिति राव रॉयल लुक में दिखती हैं। सोनाक्षी सिन्हा चेहरे पर गुस्से के साथ नजर आती हैं। ये सीरीज 1940 के दशक के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की उथल-पुथल भरी पृष्ठभूमि पर आधारित वेश्याओं और उनके संरक्षकों की कहानियों के माध्यम से एक जिले 'हीरामंडी' की सांस्कृतिक वास्तविकता को दिखाती है। नेटफ्लिक्स इंडिया ने एक्स (ट्विटर) पर फर्स्ट लुक शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 卐एक चकाचौंध भरी दुनिया में कदम रखिए, जहां प्यार और मुक्ति का टकराव होता है। महान रचनाकार भंसाली की वेब सीरीज हीरामंडी ~द डायमंड बाजार की पहली झलक देखें।卐 नेटफ्लिक्स ने इंस्टाग्राम पर भी झलक दिखाई है। सीरीज में ऋचा चड्ढा, शर्मिन सहगल और संजीदा शेख भी मुख्य भूमिका में हैं। अभी इसकी ऑफिशियल स्ट्रीमिंग डेट अनाउंस नहीं की गई है। बता दें कि संजय लीला भंसाली बॉलीवुड के दिग्गज डायरेक्टर हैं। भंसाली अब तक फैंस को 'हम दिल दे चुके सनम', 'देवदास', 'बाजीराव मस्तानी' जैसी शानदार फिल्मों की सौगात दे चुके हैं।



## मणिपुर मुद्दे पर कांग्रेस ने पीएम को फिर घेरा, मोदी की खामोशी पर किया सवाल

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने मणिपुर को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की खामोशी पर सवाल किया है। उन्होंने मणिपुर के लोगों के साथ घोर अन्याय करने का आरोप लगाते हुए रविवार को कहा कि राज्य की स्थिति पर मोदी अब भी पूरी तरह खामोश हैं। विपक्षी दल ने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह की गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के एक दिन बाद यह सवाल किया है। जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर शाह और मुख्यमंत्री की बैठक संबंधी खबर को संलग्न करते हुए कहा कि नौ महीने हो गए लेकिन प्रधानमंत्री के साथ कोई बैठक नहीं हुई। मणिपुर पर प्रधानमंत्री की पूर्ण चुप्पी बरकरार है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री रोड शो के लिए गुवाहाटी जाते हैं, लेकिन वह इंफाल नहीं जा सकते और न ही जाएंगे। बता दें कि मणिपुर के मुख्यमंत्री सिंह ने शाह के साथ बैठक के बाद शनिवार को कहा था कि केंद्र सरकार इस राज्य के लोगों के हित में कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लेने की तैयारी में है। बैठक में दोनों नेताओं ने मणिपुर से संबंधित सर्वाधिक महत्व के मामलों पर चर्चा की। बहुसंख्यक मेइती समुदाय की अनुसूचित जनजाति के दर्जे की मांग के विरोध में पर्वतीय जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च आयोजित करने के बाद तीन मई, 2023 को मणिपुर में जातीय हिंसा भड़क गई थी। तब से जारी हिंसा में 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।

## नर्सरी दाखिला : चिंतित न हो अभिभावक, माध्यमिक और प्राथमिक स्तर के स्कूलों में सीटें खाली

नई दिल्ली। शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए निजी स्कूलों में नर्सरी से लेकर पहली कक्षा की सामान्य सीटों पर दाखिला प्रक्रिया जारी है। बड़े नामचीन स्कूलों को छोड़कर छोटे स्कूलों में दाखिले के लिए सीट खाली पड़ी है। ऐसे में अभिभावकों को दाखिला के लिए ज्यादा निराश होने की जरूरत नहीं है। माध्यमिक और प्राथमिक स्तर तक के स्कूलों में दाखिला के विकल्प अभी भी खुले हैं। दिल्ली स्टेट पब्लिक स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष आरसी जैन ने कहा कि उच्च माध्यमिक स्तर के 200 बड़े स्कूलों में दाखिला की ज्यादा मारामारी रहती है। दाखिला सूची में नाम न आने वाले बच्चों के अभिभावक ज्यादा चिंतित न हों। घर के आसपास के प्राथमिक और माध्यमिक स्तर के स्कूलों में दाखिला कराया जा सकता है। छोटे स्तर के स्कूलों में सीट खाली पड़ी है। एक्शन कमेटी ऑफ अनएडेड रिकॉग्नाइज्ड प्राइवेट स्कूल के अध्यक्ष भरत अरोड़ा ने कहा कि अभिभावक नजदीक के स्कूल में बच्चे का दाखिला जरूर सुनिश्चित करें। दिल्ली के सभी निजी स्कूल बेहतर है। अच्छी शिक्षा दी जाती है। ऐसे में जहां पर भी दाखिला की संभावना हो वहां बच्चे का दाखिला जरूर करवाएं। वहीं, अफोर्डेबल प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के वरिष्ठ सलाहकार और दिलशाद गार्डन स्थित दिलशाद पब्लिक सेकेंडरी स्कूल के निदेशक मृदुल अवस्थी ने कहा कि दाखिला प्रक्रिया के बावजूद कई छोटे स्कूलों में नर्सरी कक्षा में सीट खाली है। अभिभावक नजदीक के स्कूल में बच्चे का दाखिला करवाएं। इससे बच्चा यातायात जाम और प्रदूषण की समस्या से भी बचेगा। बता दें कि स्कूल नर्सरी दाखिला को लेकर पहले और दूसरी सूची जारी कर चुके हैं। अभिभावक सूची संबंधी समस्या को छह फरवरी तक दूर कर सकते हैं। अगर स्कूल तीसरी सूची जारी करेंगे तो वह 21 फरवरी को होगी। जबकि आठ मार्च को दाखिला प्रक्रिया समाप्त हो जाएगी।

## आईजीआई एयरपोर्ट पर बुजुर्ग की संदिग्ध हालात में मौत

नई दिल्ली। दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर एक बुजुर्ग की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। रविवार तड़के बुजुर्ग टर्मिनल-3 पर मौजूद थे। उसी दौरान अचानक बेहोश होकर गिर गए। प्राथमिक जांच में दिल का दौरा पड़ने से मौत होने की आशंका जताई गई है। रविवार तड़के लगभग 3-15 बजे एक कर्मचारी ने देखा कि बुजुर्ग बेहोश होकर गिर गए हैं। उसने तुरंत इसकी जानकारी एयरपोर्ट पर मौजूद डॉक्टरों और सुरक्षाकर्मियों को दी। डॉक्टर ने बुजुर्ग को सीपीआर दिया, लेकिन उन्हें बचा नहीं सके। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। छानबीन के दौरान बुजुर्ग की पहचान 60 वर्षीय जैकर चंद्रशेखर के रूप में हुई। वह सुबह 5-20 बजे एयर इंडिया के विमान से कोच्ची जाने वाले थे।

## 60 हजार में अफीका का फर्जी वीजा दिया, एजेंट गिरफ्तार

नई दिल्ली। आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस ने कबूतरबाजी के मामले में फरार एजेंट को उत्तर प्रदेश के कुशीनगर से गिरफ्तार किया है। आरोपी संतोष गुप्ता लगभग तीन साल से फरार चल रहा था। वह दुबई में मजदूरी कर चुका है। ऐसे में वह मजदूर वर्ग को विदेश भेजने के नाम पर ठगी करता था। 60 हजार रुपये में दक्षिण अफ्रीका का फर्जी वीजा देने के चलते पुलिस को उसकी तलाश थी। डीसीपी उषा रंगनानी के अनुसार अक्तूबर 2021 में राजकिशोर नामक यात्री आईजीआई एयरपोर्ट पहुंचा था। इमिग्रेशन अधिकारियों ने जब उसका पासपोर्ट देखा तो उसमें दक्षिण अफ्रीका गणराज्य का फर्जी वीजा लगा हुआ था। इस पर कोई सुरक्षा मानक नहीं थे। मामला दर्ज कर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने बताया कि 60 हजार रुपये लेकर संतोष ने यह वीजा उसके पासपोर्ट पर लगवाया है। वह मजदूरी के लिए दक्षिण अफ्रीका जाना चाहता था। संतोष ने उसका पासपोर्ट लिया और कुछ दिन बाद वीजा लगाकर दे दिया। पुलिस टीम ने उसकी तलाश में कई जगह छापेमारी की, लेकिन वह लगातार फरार चल रहा था। हाल ही में पुलिस को पता चला कि वह कुशीनगर स्थित अपने घर पर है। इस पर एसएचओ विजेन्द्र राणा की देखरेख में एसआई मदनलाल की टीम ने छापा मारकर उसे कुशीनगर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने बताया कि वह कुछ वर्ष पूर्व दुबई में मजदूरी के लिए गया था। लौटने के बाद कई लोग उससे विदेश जाने के लिए संपर्क करते थे। ऐसे लोगों से वह रुपये लेकर उनके पासपोर्ट पर फर्जी वीजा लगवा देता था।

## चोरी के आरोप में युवक की पीट-पीटकर हत्या

नयी दिल्ली। न्यू अशोक नगर इलाके में ई-रिक्शा गैराज में चोरी करने के आरोप में एक युवक की लोगों ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने युवक की मां की शिकायत पर तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि युवक की पहचान त्रिलोकपुरी निवासी 27 वर्षीय किशन ठाकुर के रूप में हुई है। उसके परिवार में मां और अन्य लोग हैं। 30 जनवरी को उसका शव मिला था। किशन की मां ने आरोप लगाया कि ई-रिक्शा गैराज में चोरी करने के शक में कुछ लोगों ने उसके बेटे की पिटाई की। इसके चलते किशन की मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पीड़ित के शरीर पर कई चोटें आने की पुष्टि हुई है। इसके बाद पुलिस ने संजीत, सोनू और सुनील के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

## दिल्ली में सरकारी अस्पतालों की बदहाली बढ़ती जा रही, एलजी का सीएम केजरीवाल को लेटर

नयी दिल्ली। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने अस्पताल की खराब हालत की बात कहते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के तहत अस्पतालों की दयनीय स्थिति के संबंध में अपनी गहरी निराशा और चिंता व्यक्त करने के लिए लिख रहा हूं। भले ही इसके विपरीत बड़े-बड़े दावे आप और आपके मंत्रियों द्वारा लगातार किए जाते रहे हैं, हाल की मीडिया रिपोर्टों में दिल्ली के सरकारी अस्पतालों की निराशाजनक स्थिति पर दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा की गई तीखी टिप्पणियों को उजागर किया गया है। अस्पतालों की बदहाली और बढ़ती जा रही है। सक्सेना ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी एक विश्व स्तरीय स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली की हकदार है, जो अपने नागरिकों की भलाई को प्राथमिकता देती है, न कि प्रणालीगत शिथिलता और उपेक्षा से ग्रस्त है, जैसा कि अब मामला है। उन्होंने दिल्ली सरकार द्वारा संचालित अस्पतालों से संबंधित अदालती मामलों के संबंध में मीडिया रिपोर्टों का भी संदर्भ दिया।

# ये भाजपा और सड़क पर चल रहे किसी बच्चे को भी पता है कौन विपक्ष के विधायकों को तोड़ने की कोशिश कर रहा है : आतिशी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने कहा कि कल मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आज मुझे दिल्ली क्राइम ब्रांच की ओर से नोटिस दिया गया है। यह नोटिस क्राइम ब्रांच के राजनीतिक आका यानी भारतीय जनता पार्टी द्वारा भेजा गया है। इसमें पूछा गया है कि आम आदमी पार्टी के विधायकों से किन लोगों ने संपर्क किया है। इस पर आतिशी ने कहा कि जिन्होंने गोवा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र में विपक्ष के विधायकों से संपर्क कर उन्हें डरा कर पैसों का लालच देकर तोड़ा और भाजपा में शामिल किया। उन्हीं लोगों ने आम आदमी पार्टी के विधायकों से संपर्क किया।

कहा कि यह भारतीय जनता पार्टी और सड़क पर चल रहे बच्चे को भी पता है कि कौन लोग हैं जो विपक्ष के विधायकों से संपर्क कर उन्हें तोड़ रहे हैं। आतिशी ने किसी का नाम नहीं बताया। उन्होंने उन विधायकों का नाम भी नहीं बताया जिन्हें भाजपा के लोग संपर्क कर 25-25 करोड़ रुपए का ऑफर देकर तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं।

दिल्ली सरकार में शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि जो क्राइम ब्रांच के अफसर नोटिस देने आए थे। हमें उन पर दया आती है कि जब वह पुलिस में आए तो सोचा होगा कि महिलाओं की सुरक्षा करेंगे। देश के लिए कुछ करेंगे। उनके राजनीतिक आकाओं ने उन्हें टीवी के प्राइम शो का सामग्री बनाकर छोड़ दिया है। कल चार घंटे की नौटंकी के बाद अरविंद केजरीवाल को नोटिस दिया गया। आज सुबह मेरे घर आकर भी नोटिस दिया गया।

### नोटिस में कोई आईपीसी, सीआरपीसी या कोई अन्य धारा नहीं

यह नोटिस है या समन है। इसमें कोई आईपीसी, सीआरपीसी या कोई अन्य धारा नहीं है। यह पुलिस वालों की गलती नहीं है। उनके राजनीतिक आका हमसे कुछ सवाल पूछना चाहते हैं। वे लोग हमसे पूछना चाहते हैं कि किसने आम आदमी पार्टी के विधायकों को ऑफर दिया। मैं दिल्ली पुलिस के राजनीतिक आकाओं को बताना चाहती हूं कि किसने आम आदमी पार्टी के नेताओं को करोड़ों रुपए के ऑफर दिए। ये वही लोग हैं जिन्होंने 2016 में उत्तराखंड में कांग्रेस के विधायकों को तोड़कर बीजेपी में शामिल किया था। उन्होंने ही आम आदमी पार्टी के विधायकों को संपर्क किया।

जुलाई 2019 में गोवा में 17 में से 14 कांग्रेस को छोड़कर बीजेपी में चले गए थे। बीजेपी के जिन लोगों ने गोवा के इन विधायकों से संपर्क किया था। वही लोग आम आदमी पार्टी के विधायकों के पास आए। मैं 2018 में कर्नाटक में कांग्रेस और जेडीएस की सरकार बनी। एचडी कुमारस्वामी मुख्यमंत्री बने जुलाई 2019 में कांग्रेस और जेडीएस के 17 विधायक टूटकर भारतीय जनता पार्टी में चले गए। जो लोग उन 17 विधायकों को धमकी और पैसा देने आए थे वही लोग आम आदमी पार्टी के विधायकों के पास आए। मैं क्राइम ब्रांच के राजनीतिक आकाओं को बताना चाहती हूं कि आपको भी पता है कौन लोग हैं जो पिछले 8 साल से एक-एक करके अपोजिशन की सरकारों को तोड़ रहे हैं। वही लोग हैं आम आदमी पार्टी के विधायकों से संपर्क कर रहे हैं।

### बेहतर होगा कि पुलिस को अपराध रोकने का काम करने दिया जाए

आम आदमी पार्टी के नेता जैस्मिन शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास के बाहर जब क्राइम ब्रांच के दर्जन भर अधिकारी खड़े थे। उनकी टीम पहुंचने से



पहले सारी मीडिया पहुंच चुकी थी। मीडिया को भाजपा ने बताया। भाजपा को पता चल जाता है कि क्राइम ब्रांच मुख्यमंत्री आवास पर पहुंचने वाली है। आज मंत्री आतिशी के यहां भी एक दर्जन क्राइम ब्रांच के अधिकारियों के पहुंचने से पहले दो दर्जन से अधिक मीडिया वाले पहुंच जाते हैं। कल 5 घंटे क्राइम ब्रांच के अधिकारी अपना सारा काम छोड़कर मुख्यमंत्री आवास के सामने खड़े रहते हैं और कहते हैं कि हमें मुख्यमंत्री से मिलना है। मैंने अधिकारियों से पूछा कि किस धारा के तहत यह नोटिस मुख्यमंत्री को हाथ में सौपना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मीडिया के सामने बात नहीं करूंगा अंदर बात करूंगा। यदि कानून के तहत कोई काम कर रहे हैं तो मीडिया के सामने बताने में डर क्यों रहे हैं। इसका कोई जवाब नहीं दिया। 5 घंटे बाद यही नोटिस मुख्यमंत्री आवास के बाहर देकर चले जाते हैं। दिल्ली में अपराध बढ़ रहे हैं। लेकिन दिल्ली पुलिस बीजेपी के आदेश पर नोटिस देने का काम कर रही है। मेरा दिल्ली पुलिस के राजनीतिक आकाओं से अनुरोध है कि दिल्ली पुलिस को दिल्ली के लोगों की सुरक्षा के लिए काम करने दें।

## बीजेपी सांसद रमेश बिधूड़ी ने श्रीवासपुरी में किया पार्किंग का उद्घाटन, आप ने जमीन को बताया अवैध

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रविवार को दिल्ली के श्रीवासपुरी में दक्षिणी दिल्ली से बीजेपी सांसद रमेश बिधूड़ी ने एक पार्किंग का उद्घाटन किया। उद्घाटन के मामले पर आम आदमी पार्टी ने कहा कि पार्किंग अवैध है और इसको लेकर नगर निगम से अनुमति नहीं ली गई।

वहीं, सांसद रमेश बिधुड़ी ने कहा कि जनता के लिए किया गया काम वैध होता है और यह पार्किंग हमारे स्थानीय निगम पार्षद राजपाल सिंह के प्रयासों से बना है। उन्होंने कहा कि जो लोग इस पार्किंग को अवैध बता रहे हैं। उनको अपने गिरवान में झांकना चाहिए। इस देश में बड़ी संख्या में बांग्लादेशी अवैध है। रोहिंग्या अवैध हैं। उस पर उन्होंने कभी नहीं बोला। जनता के लिए जो काम होता है वह सब वैध होता है। मोदी जी का मानना है कि जनता के विकास और जनता के सुविधाओं के लिए किया गया हर काम वैध है।

उन्होंने कहा कि ये जनता की जमीन थी और जनता को पार्किंग के रूप में समर्पित की गई है। यहां से स्थानीय हमारे निगम पार्षद राजपाल सिंह ने यहां पर प्रयास कर यहां पर साफ-सफाई किया है और



इसको क्षेत्र के लोगों को पार्किंग के रूप में समर्पित किया है। यहां पर पार्किंग की बड़ी समस्या है। इस पार्किंग से लोगों को राहत मिलेगी और आने वाले समय में यहां पर और अच्छे से पार्किंग को निर्मित किया जाएगा। फिलहाल इसको शुरू कर दिया गया हैं।

स्थानीय निगम पार्षद राजपाल सिंह ने बताया कि हमने यहां पर पार्किंग बनाया है। यहां पर लोगों को काफी लंबे समय से पार्किंग की समस्या थी। रात दिन प्रयास करने के बाद हमने यहाँ पार्किंग बनाई है। जो लोग इसको अवैध बता रहे हैं। उनको कानून की कोई समझ नहीं है। आज से हमने इस पार्किंग की शुरुआत कर दी है और ये जनता के लिए मुफ्त सेवा देगी।

## दिल्ली में प्रदूषण से पीएम 2.5 को कम करना अब भी चुनौती, प्रयासों के बावजूद लोगों को नहीं मिल पा रही स्वच्छ हवा

नई दिल्ली। दिल्ली में पीएम 10 (पर्टिकुलेट मैटर) यानी हवा में प्रदूषण के बड़े कण की मात्रा कम हुई है। वहीं पीएम 2.5 (प्रदूषण के हल्के कण) से की मात्रा बढ़ी है। धुएं से होने वाले प्रदूषण की रोकथाम के लिए दिल्ली सरकार की ओर से ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) लागू होने के बाद से अब तक खूब कार्रवाई की गई, लेकिन अभी तक कोई विशेष राहत नहीं मिली है। एक अक्टूबर को ग्रैप लागू किया गया था। इसके बाद से दिल्ली में पीएम 2.5 को कम करने के लिए। 23, 826 स्थानों पर कूड़ा जलाने का निरीक्षण किया गया। खुले में कूड़ा जलाने की निगरानी के लिए 611 टीमें बनाई गई हैं, जिन्होंने 545 स्थानों पर खुले में कूड़ा जलाते हुए पाया। इस दौरान 6.85 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। सिक्योरिटी गार्ड खुद को गर्म रखने के लिए लकड़ी जलाने की जगह हीटर चलाएं, इसके लिए 1290 आरडब्ल्यूए के साथ टीम ने संपर्क किया। 749 आरडब्ल्यूए ने सिक्योरिटी गार्ड को हीटर दिया। वहीं इंडस्ट्रियल एरिया में 164 हॉटस्पाट चिह्नित किए गए, जहां पर कूड़ा जलाया जाता था। इसके अलावा वाहनों से निकलने वाले धुएं को कम करने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। 31 दिसंबर 2023 तक 2, 62, 012 इलेक्ट्रिक वाहन रजिस्टर किए गए थे। साथ ही 3100 चार्जिंग स्टेशन बनाए गए हैं, जहां 4793 चार्जिंग प्वाइंट हैं। और तो और 311 स्वाइपिंग स्टेशन भी बनाए गए हैं, जहां से इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरी बदल सकते हैं। फिलहाल 2025 तक 18, 000 पब्लिक और 30 हजार प्राइवेट सेमी प्राइवेट चार्जिंग प्वाइंट्स लगाने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं प्रदूषण कम करने के लिए रोजाना सड़कों पर पानी का छिड़काव भी किया गया। वहीं, अन्य प्रयासों की बात करें तो दिल्ली में विभिन्न विभागों की ओर से वॉटर स्प्रिंकलर से नियमित करीब 4, 328 किलोमीटर सड़कों पर पानी का छिड़काव किया गया, जिससे प्रदूषण को रोका जा सके। एमसीडी के 200 वॉटर स्प्रिंकलर, एनएचएआई के 77, पीडब्ल्यूडी के 41, दिल्ली जल बोर्ड के 30, एनसीआरटीसी के 34, आईएमसीडी के 22, डीएसआईडीसी के 9, डीडीए के 7 और डीसीबी के 2 वॉटर स्प्रिंकलर नियमित सड़कों पर पानी का छिड़काव करते हैं। इसके अलावा एमसीडी, सीपीडब्ल्यूडी, एनडीएमसी, डीएमआरसी व डीडीए की की ओर से करीब 60 एंडी स्मॉग गन जगह जगह लगाई गई हैं। 57.4 लाख वाहनों का रजिस्ट्रेशन रद्द- दिसंबर 2023 में 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल के 57.4 लाख वाहनों का रजिस्ट्रेशन निरस्त किया गया। दिल्ली परिवहन विभाग के अनुसार 6.89 लाख वाहनों का एनओसी दी गई, जो दिल्ली से बाहर चले गए। साथ ही 1.5 लाख वाहन स्क्रैप किए गए। हालांकि इन सब प्रयासों के बावजूद भी दिल्ली को प्रदूषण से कुछ खास राहत नहीं मिल पाई है।

## तिमारपुर रेड लाइट से लेकर चंदगीराम अखाड़े तक बनेगी वर्ल्ड क्लास सड़क, दिल्ली सरकार ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की सड़कों के सौंदर्यीकरण की कड़ी में अब दिल्ली सरकार तिमारपुर रेडलाइट से चंदगीराम अखाड़े तक करीब तीन किलो मीटर लंबी सड़क का भी सौंदर्यकार्ण करने जा रही है। पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने जानकारी देते हुए कहा की इस सड़क पर दिल्ली सरकार के बड़े कार्यालय है और ये सड़क दिल्ली की मुख्य सड़कों में से एक है। अब दिल्ली सरकार इस सड़क को वर्ल्ड क्लास सड़क बनाएगी। दिल्ली की सड़कों की खूबसूरती बढ़ाने के लिए वर्ल्ड क्लास स्तर पर दिल्ली सरकार काम कर रही है। इसी कड़ी में तिमारपुर रेड लाइट से लेकर चंदगीराम अखाड़े तक की सड़क का भी सौंदर्यकरण दिल्ली सरकार द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी दिल्ली सरकार की पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने दी। उन्होंने कहा कि इस परियोजना को मंजूरी दी गई है। दिल्ली विधानसभा सहित दिल्ली सरकार के कई महत्वपूर्ण दफ्तरों के कारण यह सड़क दिल्ली के सबसे मुख्य सड़कों में शामिल है। यहां से रोजाना लाखों लोग इस पर आवागमन करते हैं। इस लिए दिल्ली सरकार अब इस सड़क को वर्ल्ड क्लास सड़क बनाएगी। सड़क को संवारने के लिए शानदार हॉर्टिकल्चर के साथ-साथ सड़क की खूबसूरती बढ़ाई जाएगी। इस पर एलइडी लाइटों कि जगमगाहट से सड़क का सुंदर नजारा दिखेगा। सड़क की खूबसूरती बढ़ाने के साथ-साथ उसे यूजर फ्रेंडली बनाने पर भी जोर दिया जाएगा। पैदल यात्रियों की सुविधा के लिए टूटे हुए फुटपाथों को जरूरी बदलाव के साथ दुरुस्त किया जाएगा। साथ ही रोड स्ट्रीट की खूबसूरती बढ़ाने के लिए स्ट्रीट फर्नीचर के साथ-साथ स्कल्पचर भी लगाए जाएंगे। सड़कों की खूबसूरती बढ़ाने इसे यूजर फ्रेंडली बनाने और पैदल यात्रियों के लिए फुटपाथों की भी मरम्मत कर उन्हें भी बदल कर सही स्वरूप दिया जाएगा।

## सिंघु बॉर्डर पर भीषण सड़क हादसा, कार सवार एक की मौत ; तीन दोस्त पराठे खाने निकले थे मुरथल

नई दिल्ली। सिंघु बार्डर पर रविवार की सुबह सड़क हादसे में एक कार में सवार तीन युवकों में से एक की मौत हो गई, जबकि दो युवक घायल हो गए। बताया जा रहा है कि सभी वजीरपुर से मुरथल पराठे खाने जा रहे थे। तभी बार्डर पर यह हादसा हुआ है। मौके पर पहुंची अलीपुर पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है, जबकि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मुझे भाजपा में शामिल होने के लिए कहा जाता है.., लेकिन मैं झुकूंगा नहीं, केजरीवाल का हमला

### -मुख्यमंत्री केजरीवाल ने चार स्कूलों की रखी आधारशिला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, शिक्षा मंत्री आतिशी ने रविवार को दिल्ली के किराड़ी विधानसभा क्षेत्र में चार स्कूलों के निर्माण का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि हम लोग दिल्ली में स्कूल, अस्पताल, मोहल्ला क्लीनिक आदि बना रहे हैं। लोगों को मुफ्त बिजली पानी दे रहे हैं। इसलिए बीजेपी हमारे पीछे पड़ी है। केजरीवाल ने लोगों से कहा कि बीजेपी ने ईडी, सीबीआई सबको हमारे पीछे छोड़ दिया है। लेकिन हम झुकने या डरने वाले नहीं हैं बस आप लोगों अपना आशीर्वाद बनाए रखना।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हम लोग स्कूल, मोहल्ला क्लीनिक अस्पताल का उदघाटन करने जाते हैं तो दूसरी पार्टी के लोग हमारी हाय-हाय करने पहुंच जाते हैं। इन लोगों को जनता के साथ गंदी हरकत नहीं करना चाहिए। क्योंकि लोगों के बच्चों को शिक्षा देने के लिए हम लोग काम करने जा रहे हैं। दिल्ली में एक समय स्कूलों की इतनी बुरी हालत थी कि गरीबों को मजबूरी में सरकारी स्कूल में भेजना पड़ता था। प्राइवेट स्कूल में भेजने की हैसियत नहीं थी।

### ईडी, सीबीआई आशीर्वाद के आगे हैं छोटे

अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि आज ये लोग हमारे पीछे पड़े हुए हैं। मनीष सिसोदिया को जेल में डाल दिया कि हमने भ्रष्टाचार किया है। आज इन लोगों ने सारी एजेंसियों को संजय सिंह, मनीष सिसोदिया, सतेंद्र जैन के पीछे छोड़ दी। उनका क्या कुसूर है? मनीष सिसोदिया का कुसूर है कि वह अच्छे स्कूल बना रहे थे। सतेंद्र जैन अच्छे अस्पताल बना रहे थे। इसलिए उन्हें गिरफ्तार किया गया। इन्होंने सारे षड्यंत्र रच लिए लेकिन उन्हें झुका नहीं सके।

स्कूल, अस्पताल, मोहल्ला क्लीनिक तो बनते रहेंगे। भले ही अरविंद केजरीवाल को जेल में डाल दो। आज ये लोग हमारा कुछ नहीं बिगाड़ पा रहे हैं क्योंकि हमारे पास दिल्ली के करोड़ों लोगों का आशीर्वाद है। हम झुकने वाले नहीं है। ये लोग कहते हैं कि बीजेपी में आ जाओ हम छोड़ देंगे। हम कतई नहीं आएंगे। हमने कौन सा गलत काम किया है जो बीजेपी में शामिल हो जाएं। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मुझे कुछ नहीं चाहिए बस आप लोगों का आशीर्वाद चाहिए। दिल्ली वालों के आशीर्वाद का मैं सात जन्मों में कर्ज नहीं चुका सकता। बस आशीर्वाद बनाए रखें। उनकी ईडी, सीबीआई, दिल्ली पुलिस सारे आपके आशीर्वाद के आगे छोटे पड़ जाते हैं।

आज चार सरकारी के स्कूलों के शिलान्यास के दौरान पहुंची इतनी भीड़ बता रही है कि उन्हें उम्मीद है कि उनके बच्चों को अच्छी शिक्षा मिलेगी। गरीबों में उम्मीद जागी है कि उनके बच्चे पढ़कर डॉक्टर, इंजीनियर बन सकेंगे। चार नए स्कूलों से 10 हजार बच्चों के शिक्षा का इंतजाम किया जा रहा है। एक साल में स्कूल बनकर तैयार हो जाएंगे। इसके लिए विधायक ऋतुराज झा का धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने पीछे पड़कर डीडीए से जमीन व शिक्षा विभाग से स्कूल बनवाने की अनुमति ली।

क्षेत्र में पहले 10 स्कूल बेहाल थे। हमने उन्हें सुधारा। किराड़ी विधानसभा में 20 स्कूल हो जाएंगे। पूरी दिल्ली में सरकारी स्कूलों में सुधार किया। कुछ इलाकों में स्कूलों की कमी है। उन इलाकों में भी स्कूल बनाएंगे। स्कूलों में शानदार लैबोरेटरी बनाई जाएगी। प्राइवेट स्कूलों से ज्यादा सरकारी स्कूलों में सुविधाएं देंगे।

### केंद्र सरकार स्कूल व अस्पताल पर सिर्फ 4 प्रतिशत खर्च कर रही

सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दो फरवरी को पूरे देश का बजट आया। केंद्र सरकार स्कूल और अस्पताल पर सिर्फ 4 प्रतिशत खर्च कर रही है। दिल्ली सरकार अपने बजट से 40 प्रतिशत स्कूल और अस्पताल पर



खर्च करती है। मैं दिल्ली के दो करोड़ लोगों को अपना परिवार मानता हूं। भगवान ने मुझे सब कुछ दिया है। जो शिक्षा मेरे देश ने मुझे और मेरे बच्चों को दी, वही शिक्षा देश के अन्य बच्चों को देने के लिए काम कर रहा हूं। बीमार होने पर अच्छा इलाज मिले। यही मैंने भी सोचा। पूरी दिल्ली में हमने मोहल्ला क्लीनिक बनवाया। किराड़ी विधानसभा में 20 मोहल्ला क्लीनिक हैं। दिल्ली में हमारे 35 अस्पताल हैं, जिनमें सारा इलाज मुफ्त मिलता है। यहां पर जो अस्पताल बन रहा है। उनकी जिम्मेदारी मैं लेता हूं। उसे मैं बनवाउंगा।

### 3 हजार सकड़ें बनवाई, 2 हजार और बनवाएंगे

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में सबसे ज्यादा राजनीति कच्ची कालोनी में रहने वाले लोगों के साथ हुई है। किसी पार्टी ने कच्ची कालोनी के लोगों के लिए कुछ नहीं किया सिर्फ वोट लिया। आज सारी कच्ची कालोनियों के अंदर हमलोग सड़कें बनवाने के साथ सीवर व पानी की पाइप लाइन डलवा रहे हैं। हमें कुल 5 हजार सड़कें बननी हैं, जिनमें से 3 हजार सड़कें बन चुकी हैं। बची हुई दो हजार सड़कें जल्द बन जाएंगी।

# सिंगापुर में लैब में तैयार हुआ मांस खा सकेंगे मुसलमान, लेकिन हलाल का होना जरूरी

**सिंगापुर, एजेंसी।** इस मुस्लिम देश में लैब में तैयार हुआ मीट (मांस) खाने की इजाजत मिल गई है। हालांकि मीट में किसी भी तरह गैल-हलाल इंग्रेडिएंट शामिल नहीं होने चाहिए। हम बात कर रहे हैं सिंगापुर की। सिंगापुर में मुसलमानों को प्रयोगशाला



(लैब) में तैयार मांस का सेवन करने की अनुमति दी जाएगी बशर्ते इसके लिए इस्तेमाल कोशिकाएं (सेल) हलाल जानवरों से ली गई हों और फाइनल प्रोडक्ट में कोई गैर-हलाल इंग्रेडिएंट शामिल न हो। टुडे अखबार में शनिवार को प्रकाशित खबर के मुताबिक सिंगापुर के मुफ्ती डॉ. नजीरुद्दीन मोहम्मद नासिर ने कहा कि यह फैसला इस बात का उदाहरण है कि फतवा रिसर्च को आधुनिक तकनीक और सामाजिक परिवर्तन के साथ कैसे विकसित होना है। वह शुक्रवार को समकालीन समाजों में फतवा पर दो-दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस्लाम में, फतवे मुस्लिम समुदाय को धार्मिक जीवन के विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन से संबंधित फैसले हैं और मुफ्ती के रूप में जाना जाने वाला योग्य धार्मिक विद्वान इस्लामी कानून की औपचारिक व्याख्या करता है। मुस्लिम मामलों के प्रभारी मंत्री मासागोस जुल्किफली ने सम्मेलन के इतर संवाददाताओं से यह भी कहा कि लैब में तैयार मांस के मुद्दे पर 2022 से सिंगापुर इस्लामिक धार्मिक परिषद (एमयूआईएस) अध्ययन कर रही थी।

# पाकिस्तान में वाइल्ड पोलियो वायरस का कहर

## एक महीने में मिले 28 नए केस; स्वास्थ्य विभाग में मचा हड़कंप

**इस्लामाबाद , एजेंसी।**
पाकिस्तान में वाइल्ड पोलियो वायरस के नए मामले सामने आए हैं। डॉन की खबर के अनुसार, जनवरी में पाकिस्तान के 19 जिलों से 28 सैंपल को लिया गया था, जबकि दिसंबर में क्वेटा और खुजदार से दो सैंपल लिए गए थे। ये सभी मामले पॉजिटिव मिले हैं।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान के एक अधिकारी के अनुसार, क्वेटा और कराची पूर्व में चार नमूने, पेशावर, कराची दक्षिण, कराची केमारी से दो-दो नमूने। इसके अलावा हैदराबाद, पिशिन, केच, नसीराबाद, डीजी खान, रावलपिंडी और लाहौर से 2 जनवरी से 16 जनवरी के बीच ये नमूने एकत्र किए गए थे। यहां मिले सभी नमूनों में वाइल्ड पोलियो वायरस की पुष्टि हुई है। अधिकारी ने कहा कि जनवरी 2024 में 28 पॉजिटिव केस मिले हैं।



इससे पहले साल 2023 में वाइल्ड पोलियो वायरस के 126 मामले मिले थे। पाकिस्तान के स्वास्थ्य मंत्री नदीम जान ने कहा कि पिछले साल 126 पॉजिटिव नमूनों में से 120 मामलों में वायरस की पुष्टि हुई थी। स्वास्थ्य सचिव इफ्तिखार अली शालवानी ने कहा कि पाकिस्तान इस वायरस को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है और इस साल के अंत तक इसको खत्म करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि बच्चों को इस लकवाग्रस्त बीमारी से बचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और हम पाकिस्तान में पोलियो को खत्म करने के लिए अपने सभी प्रयास जारी रखेंगे।एएनआई, इस्लामाबाद। पाकिस्तान में वाइल्ड पोलियो वायरस के नए मामले सामने आए हैं। डॉन की खबर के अनुसार, जनवरी में पाकिस्तान के 19 जिलों से 28 सैंपल को लिया गया था, जबकि दिसंबर में क्वेटा और खुजदार से दो सैंपल लिए गए थे। ये सभी मामले पॉजिटिव मिले हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान के एक अधिकारी के अनुसार, क्वेटा और कराची पूर्व में चार नमूने, पेशावर, कराची दक्षिण, कराची केमारी से दो-दो नमूने।

## संक्षिप्त समाचार

### यूक्रेन के ड्रोन हमले में रूस की रिफानरी में लगी आग, किसी के हताहत होने की खबर नहीं

**मास्को , एजेंसी।** यूक्रेन के ड्रोन हमले में रूस की रिफानरी में आग लग गई। हालांकि शनिवार को आग बुझा दी गई। वोल्गोग्राड के गवर्नर एंड्री बोचारोव ने स्थानीय प्रशासन के टेलीग्राम चैनल को बताया कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। उन्होंने कहा, ड्रोन के गिरने से वोल्गोग्राड तेल रिफाइनरी में आग लग गई। अग्निशमन और बचाव कर्मी आग बुझाने में जुट गए। कोई हताहत नहीं हुआ है। तेल उत्पादक कंपनी लुकोइल, जो रिफाइनरी की मालिक है ने बाद में कहा कि आग बुझ गई है। संयंत्र सामान्य रूप से काम कर रहा है। स्वतंत्र रूसी समाचार रिपोर्टों के अनुसार शनिवार को मास्को में विरोध प्रदर्शन के दौरान 20 पत्रकारों को हिरासत में लिया गया। रूसी सैनिकों को यूक्रेन से लड़ने के लिए भेजे जाने के खिलाफ इन सैनिकों की पत्नियां प्रदर्शन कर रही हैं। रूसी सैनिकों की पत्नियों और अन्य रिश्तेदारों ने यूक्रेन सीमा से सैनिकों की वापसी का आह्वान किया है। लुहांस्क में बेकरी पर यूक्रेन के हमले में शनिवार को आठ लोगों की मौत हुई, वहीं 10 अन्य घायल हुए हैं।

### रूस ने की सीरिया व इराक पर अमेरिकी हमलों की निंदा



**मॉस्को, एजेंसी।** रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा कि रूस सीरिया और इराक पर अमेरिकी हमलों की कड़ी निंदा करता है और संयुक्त राष्ट्र (यूएन) सुरक्षा परिषद के माध्यम से उभरती स्थिति की तत्काल समीक्षा की मांग कर रहा है। जखारोवा ने शनिवार को एक टेलीग्राम पोस्ट में कहा, इराक और सीरिया में रणनीतिक हमलावरों से जुड़े अमेरिकी हवाई हमलों ने एक बार फिर दुनिया को मध्य पूर्व में अमेरिकी नीति की आक्रामक प्रकृति और वाशिंगटन द्वारा अंतरराष्ट्रीय कानून की पूर्ण अवहेलना का प्रदर्शन किया।समाचार एजेंसी शन्हुिआ की रिपोर्ट के अनुसार, प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिका जानबूझकर हमले करके क्षेत्र के बड़े देशों को संघर्ष में झोंकने की कोशिश कर रहा है।उन्होंने कहा, हाल की घटनाएं इस बात की पुष्टि करती हैं कि संयुक्त राज्य अमेरिका इस क्षेत्र की समस्याओं के समाधान की तलाश नहीं कर रहा है और न ही कभी किया है।अमेरिका ने जॉर्डन में अपने सैन्य अड्डे पर हुए हमले के जवाब में शुक्रवार को सीरिया और इराक में ईरान से जुड़े मिलिशिया ठिकानों पर हमले किए थे।

### सेक्स पार्टियां करती थी मां, बेटे ने अपने ही स्कूल के छात्रों को उतारा मौत के घाट

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** अपने ही स्कूल के छात्रों की हत्या करने के आरोपी एक लड़के की मां पर भी केस चल रहा है। मामला अमेरिका का है। यहां साल 2021 में एक लड़के ने अपने हाई स्कूल के चार छात्रों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। अब इस हाई-प्रोफाइल मामले को लेकर कोर्ट में सुनवाई चल रही है। हत्या के आरोपी लड़के की मां पर भी गैर-इरादतन हत्या का आरोप है और उसके खिलाफ सुनवाई चल रही है। अब आरोपी लड़के की मां को लेकर कई चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। महिला का कई लोगों के साथ संबंध था और वह खुद सेक्स पार्टियां ऑर्गनाइज करती थी। 45 वर्षीय जेनिफर क्रम्बली और उसके 47 वर्षीय पति जेम्स क्रम्बली पर इंसानी हत्या के चार आरोप लगाए गए हैं। अमेरिका में आए दिन स्कूलों में गोलीबारी और हत्याओं के मामले सामने आते रहे हैं। हालांकि यह अपनी तरह का पहला ऐसा मामला माना जा रहा है जहां माता-पिता को अपने बच्चे की हरकतों के लिए का मुकदमें का सामना करना पड़ा है। उनका 17 वर्षीय बेटा एथन क्रम्बली नवंबर 2021 में मिशिगन के ऑक्सफोर्ड हाई स्कूल में हुई गोलीबारी के लिए आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। इस गोलीबारी में 14 से 17 वर्ष की आयु के चार छात्रों की मौत हो गई थी।

# जापान का स्मार्ट लैंडर फॉर इंवेस्टिगेटिंग मून निष्क्रिय हो गया, भेजी आखिरी तस्वीर

**टोक्यो, एजेंसी।**
भारत के चंद्रयान-3 ने पिछले साल चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर लैंड करके इतिहास रच दिया था। इसके बाद इस साल जापान के चंद्रयान ने भी चांद पर सफलतापूर्वक लैंडिंग कर ली। अब जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (जेएएक्सए) ने जानकारी दी है कि उसका स्मार्ट लैंडर फॉर इंवेस्टिगेटिंग मून निष्क्रिय हो गया है यानी कि अब जापान का चंद्रयान चांद पर सो गया है। दरअसल, जापान का यान जिस क्रेटर पर उतरा, वहां अब रात हो गई है। सोने से पहले चंद्रयान ने कमाल करते हुए चांद की फोटो भेजी है, जोकि उसकी आखिरी मानी जा रही।

एसएलआईएम अंतरिक्ष यान, जो चंद्रमा की जांच के लिए स्मार्ट लैंडर का शॉर्ट नाम है, ने एक फरवरी को ऑनबोर्ड कैमरे से यह तस्वीर खींची है। इस तस्वीर में शिओली क्रेटर की ढलान पर छाया दिखाई दे रही है। एसएलआईएम के एक्स अकाउंट ने स्पेक्ट्रोस्कोपिक इमेजिंग के लक्ष्यों की लेबल वाली तस्वीरें भी पोस्ट कीं, जिनमें विभिन्न चट्टानों और रेगोलिथ को दिखाया गया है जिनके बारे में अधिक



रिसर्च की जा रही है। जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी ने एसएलआईएम के साथ फिर से संपर्क स्थापित करने के तीन दिन बाद यह तस्वीर जारी की। टीम ने पावर को बचाने के लिए 20 जनवरी को रोबोटिक अंतरिक्ष यान को बंद कर दिया था, जोकि गलती से लैंडिंग के वक्त उलटा उतर गया था। चूंकि उस समय यान के सौर पैनल सही दिशा में नहीं थे, इसलिए लैंडर बिजली उत्पन्न करने में असमर्थ था।

शुरुआती समय में थोड़ी निराशा मिलने के बाद जापान के वैज्ञानिकों को उम्मीद थी कि कुछ दिनों के बाद सूर्य का एंगल बदल जाएगा, जिससे उसके यान का लैंडर फिर से चार्ज होकर जग सकता है। नौ दिनों के बाद ऐसा ही हुआ और एसएलआईएम जग गया। वहीं, बीते सोमवार से अंतरिक्ष यान ने मल्टी-बैंड स्पेक्ट्रल कैमरे के साथ क्रेटर के चारों ओर चट्टानों का विश्लेषण किया है। जेएएक्सए ने लैंडिंग स्थान इसलिए चुना क्योंकि यह वैज्ञानिकों को चंद्रमा के निर्माण के बारे में बता सकता है। एसएलआईएम के एक्स खाते ने एमबीसी के स्पेक्ट्रोस्कोपिक इमेजिंग के लक्ष्यों की लेबल वाली छवियां भी पोस्ट कीं, जिनमें विभिन्न चट्टानों और रेगोलिथ को दिखाया गया है जिनका अध्ययन किया जा रहा है। जापानी चंद्रयान को अब फिर से पुनर्जीवित करने से पहले स्पेस एजेंसी जेएएक्सए को लगभग 14.5-पृथ्वी-दिवस लंबी चंद्रमा की रात का इंतजार करना पड़ेगा, जिसकी शुरुआत 15 फरवरी के आसपास होगी। इतना ही नहीं, एजेंसी को अनुकूल प्रकाश और तापमान की स्थिति का भी इंतजार करना होगा। फिर से एक्टिव करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स को लगभग शून्य से 130 डिग्री सेल्सियस नीचे के चांद के तापमान का सामना करना होगा। हालांकि, जिस लक्ष्य के लिए जापान के यान को चांद पर भेजा गया था, उसने उतना समय और लक्ष्य हासिल कर लिया है।

# अधिकारियों ने कार्रवाई में विदेशी पत्रकारों को भी हिरासत में लिया

**मॉस्को, एजेंसी।**
रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के खिलाफ रूस में बड़ा विरोध प्रदर्शन हुआ है। स्थानीय मीडिया आउटलेट्स की रिपोर्ट के अनुसार, चुनाव मुख्यालय के बाहर प्रदर्शनकारियों ने भारी विरोध प्रदर्शन किया है।

प्रदर्शन को रोकने के लिए अधिकारियों ने कई लोगों को हिरासत में लिया है। इस कार्रवाई में मॉस्को में विदेशी प्रेस संगठनों के कई पत्रकारों को भी हिरासत में लिया गया। पुतिन के चुनाव मुख्यालय पर भारी विरोध प्रदर्शन में कई महिलाएं शामिल हैं। ये महिलाएं यूक्रेन में लड़ाई के लिए भेजे गए अपने पतियों और बेटों की घर वापसी की मांग कर रहीं है।

सीएनएन द्वारा देखे गए एक वीडियो में रूसी अधिकारियों को प्रतिष्ठित रेड स्क्वायर के पास प्रेस जैकेट पहने कई लोगों को हिरासत में लेते हुए दिखाया गया है।

## 27 आम लोगों को हिरासत में लिया गया

रूसी सरकार की इस कार्रवाई पर नजर रखने वाले समूह ओवीडी-इन्फो के अनुसार, कम से कम 27 लोगों को हिरासत में लिया गया है। इनमें एक प्रदर्शनकारी को जबरदस्ती पुलिस वैन में डालकर पुलिस स्टेशन के जाया गया। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, ओवीडी-इन्फो ने कहा कि उन्होंने बंदियों से मिलने के लिए एक वकील को भेजा, लेकिन उन्हें मिलने से मना कर दिया गया।

स्वतंत्र रूसी मीडिया समूह मीडियाजोना ने शनिवार को बताया कि पकड़े गए लोगों में कोमर्सेंट, फ्रांस प्रेस और स्पीगल के लिए काम करने वाले पत्रकार और साथ ही मानवाधिकार कार्यकर्ता भी शामिल हैं।

ओवीडी-इन्फो ने कहा कि रैली को कवर करने वाले अन्य सात पत्रकारों को बासमनी पुलिस स्टेशन ले जाया गया। इनमें जापानी टेलीविजन कंपनी फूजी के प्रतिनिधि आंद्रेई जिको भी शामिल हैं।

# अवैध प्रवास के खिलाफ ब्रिटेन सरकार सख्त, इंग्लिश चैनल से घुसपैठ पर पूर्ण लगाम की तैयारी

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन की सरकार इंग्लिश चैनल के जरिए अवैध घुसपैठ को लेकर अब सख्त रवैया अपना रही है। अब यहां कोई भी आसानी से चोरी-छिपे घुसपैठ नहीं कर सकेगा। इस कड़ी में स्मॉल बोट्स ऑपरेशनल कमांड (एसबीओसी) के अंतर्राष्ट्रीय संचालन के उप निदेशक कैरोल हेगिनबॉटम ने मीडिया बातचीत की है। उन्होंने बताया है कि यूके निगरानी और तकनीकी क्षमता के माध्यम से इंग्लिश चैनल के माध्यम से अवैध प्रवासी क्रॉसिंग को कम करने में सक्षम है। हेगिनबॉटम ने आगे बताया कि ब्रिटेन इंग्लिश चैनल के माध्यम से यूके में अवैध रूप से दाखिल होना सबसे खतरनाक तरीका है और इसे वह खत्म करना चाहती हैं। उन्होंने बताया कि कैसे लोग आपराधिक गिरोहों के चंगुल में फंसकर धोखे से इस देश में प्रवेश कर अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। कैरोल हेगिनबॉटम ने कहा, पिछले साल हम संख्या में कटौती करने में कामयाब रहे। हमारे पास 26,000 लोग आए थे, जो पिछले साल की तुलना में एक अच्छी संख्या रही, लेकिन कोई भी संख्या अच्छी संख्या नहीं होती है। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि अवैध घुसपैठियों के आंकड़े बिल्कुल शून्य पर आ जाएं और इसी तरकी से हम पिछले तीन सालों में चैनल के पार छोटी नावों के आने की त्रासदी पर भी काबू पा सकेंगे। बता दें कि कैरोल की यह टिप्पणी तब आई जब यूके होम ऑफिस ने दो फरवरी को एसबीओसी की टीम के साथ डोवर में एक अंतरराष्ट्रीय मीडिया यात्रा का आयोजन किया था। इस यात्रा के माध्यम से, मीडिया को इंग्लिश चैनल पार करने वाले अवैध अप्रवासियों को ले जाने वाले जहाजों को प्रत्यक्ष रूप से देखने का मौका भी मिला।

# लोगों से डरते हैं नवाज शरीफ, इसलिए धांधली की कोशिश कर रहे, बिलावल भुट्टो का पूर्व पीएम पर बड़ा हमला

**इस्लामाबाद , एजेंसी।**
पाकिस्तान में आठ फरवरी को होने वाले चुनाव से पहले बिलावल भुट्टो ने नवाज शरीफ पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि वह लोगों से डरते हैं और इसलिए चुनाव में धांधली की कोशिश कर रहे हैं। शनिवार को मीरपुर खास में एक रैली को संबोधित करते हुए बिलावल ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री के रूप में चौथे कार्यकाल के लिए चुनाव लड़ रहे नवाज शरीफ उनके साथ बहस करने से डरते हैं।

डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, बिलावल ने पूर्व प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि पीएमएल-एन ने सिंध में एक भी रैली का आयोजन नहीं किया जो यह बताता कि उन्होंने वहां के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने नवाज का जिक्र करते हुए टिप्पणी की कि वह रायविंग में बैठकर मीरपुरखास के नतीजे तय करना चाहते



हैं। बिलावल ने कहा कि वह मीरपुरखास का वोट कैसे हड़पा जाए, इसकी साजिश रच रहे हैं।

बिलावल ने कहा कि पीएमएल-एन का इरादा पीपीपी उम्मीदवारों को हराना है और उन्होंने जनसभा में मौजूद लोगों से कहा कि क्या वे हमारा साथ देंगे। इसके अलावा, उन्होंने राजनीतिक दलों पर राजनीति में शामिल होने के बजाय व्यक्तिगत बदला लेने का भी आरोप लगाया। रैली के दौरान उन्होंने कहा कि अन्य पार्टियां देश की मदद करने के बजाय नफरत और विभाजन की राजनीति कर रही हैं।

पिछले हफ्ते रावलपिंडी में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए शहबाज शरीफ ने बिलावल का नाम लिए बिना कहा था कि एक राजनीतिक नेता और मेरे दोस्त ने कहा कि वह नवाज शरीफ के साथ बहस करना चाहते हैं।

# अफगानिस्तान में महिलाओं का जीवन बना नर्क, तालिबान की कैद में मिल रही यातनाएं

**काबुल , एजेंसी।**
अफगानिस्तान की सत्ता पर तालिबान के काबिज होने के बाद वहां के हालात लगातार बिगड़ते ही जा रहा हैं। अफगानिस्तान में महिलाओं के ताजा हालातों को लेकर संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट सामने आई है। इस रिपोर्ट में महिलाओं, लड़कियों को मनमाने ढंग से हिरासत में रखने पर चिंता व्यक्त की है।

खामा प्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने दावा किया है कि तालिबान शासन की जेलों में कैद महिलाओं के साथ शारीरिक दुर्व्यवहार किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हम तालिबान से आग्रह करते हैं कि वह महिलाओं के पहनावे पर लगाए गए प्रतिबंधों को तत्काल हटाए और इस बहाने लड़कियों को हिरासत में रखने पर रोक लगाए।

खामा प्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, इन विशेषज्ञों ने अफगानिस्तान में तालिबान प्रशासन से अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार मानदंडों को लागू करने का आग्रह किया है। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं के खिलाफ सभी तरह के भेदभाव को खत्म करने का आग्रह किया है। क्योंकि अफगानिस्तान ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, ड्रेस कोड के



उल्लंघन के लिए लड़कियों को जनवरी की शुरुआत में मनमाने ढंग से हिरासत में लेना शुरू किया गया था। सबसे ज्यादा पश्चिमी काबुल क्षेत्र में इन लड़कियों को हिरासत में लिया गया था। विशेषज्ञों ने यह भी बताया कि बामियान, दाइकुंडी, पंजशीर, बल्ख और कुंदुज प्रांतों में महिलाओं को हिरासत में लिया गया था। विशेषज्ञों ने बताया कि हिरासत में ली गई महिलाओं और लड़कियों को पुलिस थानों में स्थानांतरित कर दिया गया, जहां उन्हें एक दिन में केवल सिर्फ एक ही बार खाना दिया गया।

# ब्लूचिस्तान पर नियंत्रण की लड़ाई, लोगों की आवाज दबाने की कोशिश कर रहा ईरान और पाकिस्तान

**लंदन , एजेंसी।**
बलूच नेता और फ्री बलूचिस्तान मूवमेंट के प्रमुख हिरबेयर मैरी ने मीडिया को दिए एक बयान में कहा कि पाकिस्तान और ईरान दोनों मिलकर कब्जे वाले बलूचिस्तान में बलूच राष्ट्र के खिलाफ युद्ध अपराध कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि 16 जनवरी और 18 को ईरान और पाकिस्तान दोनों ने पूर्व नियोजित युद्ध आक्रमण में निहत्थे बलूच नागरिकों के मिट्टी के घरों पर मिसाइलों और ड्रोन हमलों से बमबारी की, जिसमें 12 बलूच शहीद हो गए। साथ ही महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों सहित कई अन्य घायल हो गए। बलूच नेता ने कहा कि हम अपनी मर्जी से कभी भी ईरान और पाकिस्तान में शामिल नहीं हुए। उन्होंने ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के दौरान और उसके बाद सैन्य आक्रमण द्वारा बलूचिस्तान पर कब्जा कर लिया। मैरी ने



आगे कहा कि एक गलत धारणा के तहत, ईरानी और पाकिस्तानी दोनों शासक सोचते हैं कि बलूच लोग एक छोटा सा असंगठित राष्ट्र हैं। वे आक्रामक नियंत्रण नीति के तहत उन्हें आसानी से दबा सकते हैं और अपने अधीन कर सकते हैं। मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि यह भ्रम समाप्त होना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा, हम 40 मिलियन से अधिक लोग हैं जो हजारों वर्षों से अपनी धरती पर रह रहे हैं और 1666 से एक राष्ट्र राज्य के रूप में रह रहे हैं। लेकिन हमारे दुश्मनों की समस्या यह है कि वे धार्मिक कट्टरपंथी हैं, वे वास्तविकता का सामना नहीं कर सकते। बलूच नेता ने संयुक्त राष्ट्र और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से आग्रह किया कि वे 40 मिलियन से अधिक बलूच लोगों के खिलाफ पाकिस्तानी और ईरानी युद्ध अपराधों को नजरअंदाज न करें और उन अपराधों की जांच के लिए एक तथ्य-खोज मिशन बनाएं जो ईरान और पाकिस्तान दोनों दशकों से बलूच राष्ट्र के खिलाफ लगातार कर रहे हैं।

# यूके ने अपने नागरिकों को दी सलाह, न करें अफगानिस्तान की यात्रा, आतंकी हमले की जताई संभावना



**लंदन, एजेंसी।** यूके के विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय (एफसीडीओ) ने ब्रिटिश नागरिकों को अफगानिस्तान की यात्रा न करने की सलाह दी है। टोलो न्यूज की रिपोर्ट ने जानकारी दी है। एफसीडीओ के एक बयान के अनुसार, रमजान के महीने के दौरान अफगानिस्तान में ब्रिटिश नागरिकों को हिरासत में लिए जाने का काफी जोखिम है और आतंकवादियों द्वारा हमले करने की कोशिश करने की बहुत संभावना है। बयान में कहा गया है, आपको अफगानिस्तान की यात्रा नहीं करनी चाहिए। आतंकवादियों द्वारा अफगानिस्तान में हमले करने की कोशिश करने की बहुत संभावना है। यह आतंकवादी हमलें धार्मिक स्थलों पर या उसके आसपास और रमज़ान के महीने जैसे धार्मिक आयोजनों और समारोहों के दौरान हो सकती है। बयान में कहा गया है कि अफगानिस्तान में सुरक्षा स्थिति अस्थिर है। हवाईअड्डों सहित पूरे अफगानिस्तान में आतंकवादी हमलों का खतरा बना हुआ है। ब्रिटिश नागरिकों को हिरासत में लिए जाने का बड़ा खतरा है। हालांकि, टोलो न्यूज के अनुसार, तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद ने कहा कि देश में सुरक्षा सुनिश्चित की गई है और विदेशी

# कांग्रेस सरकार आने पर पलवल व गुरुग्राम तक पहुंचाई जाएगी मेट्रो : भूपेंद्र हुड्डा

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने वीरों की धरती तिगांव क्षेत्र के ऐतमादपुर स्थित दशहरा ग्राउंड में आयोजित जन-आक्रोश रैली में बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनने पर जहां बल्लभगढ़ से पलवल तथा फरीदाबाद से गुरुग्राम तक मेट्रो का विस्तार किया जाएगा। वहीं फरीदाबाद में जो 5 टोल लग रहे हैं उनको भी करमुक्त किया जाएगा। साथ ही वृद्धावस्था पेंशन सम्मान राशि छह हजार रूपए की जाएगी व रसोई गैस सिलेंडर मात्र पांच सौ रूपए में दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद शहर को पूर्व प्रधानमन्त्री जवाहर लाल नेहरु ने ये सोचकर बसाया था कि ये देश का पहला इंडस्ट्रियल टाउन होगा। हमारी सरकार ने अपने कार्यकाल में फरीदाबाद को आगे ले जाने के लिये बहुत से कार्य किये। लेकिन मौजूदा सरकार के साढ़े 9 वर्षों में फरीदाबाद को फकीराबाद कहा जाने लगा। श्री हुड्डा आज तिगांव विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक ललित नागर द्वारा आयोजित 'जन-आक्रोश' रैली में उमड़े अपार जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। रैली में पहुंचने पर ललित नागर व तिगांव क्षेत्र की मौजिज सरदारी ने श्री हुड्डा सहित हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ. उदयभान, राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा, विधायक दान सिंह, धर्मसिंह छोकर, आफताब अहमद सहित वरिष्ठ कांग्रेसजनों का बड़ी माला व शॉल ओढ़ाकर सम्मान रूपी स्वागत किया। वहीं रैली में उमड़े अपार जनसैलाब से गदगद मुख्यातिथि भूपेंद्र हुड्डा व सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने जहां मंच से खुलकर रैली आयोजक पूर्व विधायक ललित नागर की जमकर तारीफ की वहीं ज्यादातर वक्ताओं ने रैली की सफलता पर ललित नागर को जमीनी नेता की संज्ञा देते हुए क्षेत्र का अगला विधायक का संबोधन दिया। चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने उपस्थितजनों से सवाल किया कि बीजेपी सरकार ने 9 साल में फरीदाबाद के लिये कोई एक काम किया हो तो बताए। उन्होंने इस बात पर हैरानी जताई कि 9 साल में फरीदाबाद की जनसंख्या तो बढ़ी, लेकिन कोई एक नया कॉलेज नहीं खुला। इतना ही नहीं, सरकार 5 तरफ से फरीदाबाद में टोल वसूल रही है लेकिन यहाँ के लिए कोई काम नहीं कर रही। उनकी सरकार के समय बनी मेट्रो जहाँ छोड़ी थी वहीं खड़ी है, उसके आगे एक नया खंबा नहीं बना। उन्होंने कांग्रेस सरकार बनने पर बुजुर्गों की पेंशन 6000 महीना करने और जिनकी पेंशन काटी गयी है उसे दोबारा शुरु करने का वादा किया। हुड्डा ने कहा कांग्रेस सरकार 500 रुपये में गैस सिलेंडर, कर्मचारियों के लिये पुरानी पेंशन स्कीम लागू करेगी। हर परिवार को 300 यूनिट बिजली मुफ्त देंगे। गरीब परिवारों के लिए



100-100 गज के मुफ्त प्लॉट, मकान बनवाएंगे, बच्चों के लिए स्कॉलरशिप योजना फिर लागू करेंगे और खाली पड़े 2 लाख पदों पर पक्की भर्ती शुरु करेंगे। रैली को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ. उदयभान ने बीजेपी सरकार के झूठे वायदों को गिनाते हुए जनता से पूछा कि इन्होंने एक भी वायदा पूरा किया हो तो जनता बताए। लोकसभा चुनाव सामने है। मोदी सरकार ने वादा किया था कि हर साल 2 करोड़ नौकरियां देंगे। लेकिन आंकड़े बता रहे हैं कि 10 साल में 20 करोड़ रोजगार की बजाय केवल 7 लाख 30 हजार रोजगार दिये और नोटबंदी लागू करके 12 करोड़ लोगों का रोजगार छीन लिया। पूरे प्रदेश में धड़ल्ले से अवैध माईनिंग, प्लॉटों पर अवैध कब्जे हो रहे हैं। ये आम गरीब, किसान, छोटे व्यापारी, कर्मचारी, महिला और युवा विरोधी सरकार है। लोगों ने इस जुमलेबाज सरकार से छुटकारा पाने का मन बना लिया है उन्हें बस चुनाव का इंतजार है। सैंकड़ों गाडियों के काफिले के साथ ट्रैक्टर पर सवार होकर रैली स्थल पर पहुंचे सांसद दीपेन्द्र हुड्डा का लोगों ने जोरदार नारे लगाकर स्वागत किया। अपने स्वागत से अभिभूत दीपेन्द्र हुड्डा को जनता ने दोनों हाथ उठाकर आश्वस्त किया कि इस बार फरीदाबाद की 9 विधानसभा और 1 लोकसभा सीट कांग्रेस को जितायेगी। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि हरियाणा ने हमेशा इतिहास रचा है लोकसभा चुनाव में पूरा देश हरियाणा की तरफ देखेगा। आज हरियाणा के कोने-कोने से यही आवाज़ आ रही है कि बीजेपी जा रही है कांग्रेस सरकार आ रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा वो प्रदेश है जहां सुबह उठते ही लोग राम का नाम लेते हैं। हम लेकर राम का नाम हरियाणा को सबसे आगे ले जाने का करेंगे काम। उन्होंने कांग्रेस की हुड्डा सरकार के समय फरीदाबाद में हुए काम गिनाते हुए बताया कि बदरपुर फ्लाईओवर, सिक्स लेन मथुरा रोड, मेट्रो, बाईपास, आईएमटी की स्थापना, ईएसआई मेडिकल कॉलेज, वाईएमसीए यूनिवर्सिटी बनायी गयी। वहीं, भाजपा सरकार ने फरीदाबाद को स्मार्ट सिटी बनाने की घोषणा तो की लेकिन स्मार्ट सिटी तो दूर, नरक सिटी बना दी। साफ-सफाई का इतना बुरा हाल है कि फरीदाबाद में बारिश नहीं भी होती है तो कश्तियां चलने लगती है। इस सरकार को फरीदाबाद में कोई काम करते नहीं देखा और मुख्यमंत्री को लोगों का सम्मान करते नहीं देखा। मेडिकल कॉलेज बनाना तो दूर अस्पताल के आगे की सडक़ भी नहीं बनवाई। जिस तरह तिगांव में सडक़ों का बुरा हाल उसी तरह पूरे प्रदेश में सडक़ें जर्जर और खस्ताहाल हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से दीपेंद्र हुड्डा की सेहत की चिंता करने की बजाय फरीदाबाद की सडक़ों की सेहत की चिंता करने की अपील की। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री यहां के प्रदूषण, सीवरेज, पीने के पानी, फरीदाबाद के लोगों को जो महंगाई सता रही है उसकी चिंता करें। इस मौके पर रैली के आयोजक पूर्व विधायक ललित नागर ने भारी बारिश के बावजूद रैली में हजारों-हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों का दिल की गहराईयों से आभार व्यक्त करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा को बताया कि तिगांव विधानसभा क्षेत्र तीन भागों में बंटा हुआ है, जिसके तहत शहरी क्षेत्र के सेक्टर, कालोनियां और ग्रामीण क्षेत्र शामिल है और पिछले साढ़े नौ सालों में समूचा विधानसभा क्षेत्र विकास को तरस रहा है। यहां सडक़ों का बुरा हाल है वहीं शिक्षा, चिकित्सा और रोजगार के भी साधन उपलब्ध नहीं है। हालात यह है कि हमें क्षेत्र की समस्याओं को हल करवाने के लिए सडक़ों पर आकर धरना प्रदर्शन के लिए आंदोलनरत होना पड़ रहा है लेकिन गूंगी बहरी भाजपा सरकार सत्ता के मद में मदमस्त है, उन्हें जनता की समस्याओं से कोई लेना देना नही है। उन्होंने मंच से श्री हुड्डा से मांग की कि यह तो तय है कि आने वाले छह महीने बाद आप प्रदेश के मुख्यमंत्री होंगे, तब इस बदहाल तिगांव क्षेत्र को फिर से चहुंमुखी विकास की ओर लेकर जाए।

## मोदी-मनोहर सरकार की नीतियों का जन-जन में प्रचार प्रसार करें कार्यकर्ता : कृष्णपाल गुर्जर

### भाजपा नेता दीपक डागर के नेतृत्व में धूमधाम से मनाया केंद्रीय मंत्री का जन्मदिवस



**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर का जन्मदिवस जिले के भाजपाईयों ने धूमधाम के साथ मनाया। इसी कड़ी में आज पृथला विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता दीपक डागर ने अपनी टीम के साथ सेक्टर-28 स्थित कार्यालय पर केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर का बड़ी माला पहनाकर एवं मुंह मीठा कराकर उन्हें जन्मदिवस की बधाई देते हुए उनकी दीर्घायु की कामना की। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने तीसरी बार मोदी सरकार, भाजपा पार्टी जिंदाबाद, कृष्णपाल गुर्जर जिंदाबाद के गगनचुंबी नारे लगाकर पूरे माहौल को भाजपामय कर दिया। इस मौके पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि किसी भी संगठन की रीढ़ कार्यकर्ता होते है और भाजपा का संगठन मजबूत होने के साथ-साथ अनुशासित भी है। उन्होंने कहा कि आज केंद्र में जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत को विश्व गुरु बनाने में प्रयासरत है वहीं हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश विकास की नई ऊंचाईयों को छू रहा है। पिछले नौ सालों में जितना विकास देश और प्रदेश का भाजपा सरकार में हुआ है, उतना विकास पिछले 70 सालों में नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सोच है कि सरकार की नीतियों का लाभ जरूरतमंद और आखिरी छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वह केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों का जन-जन में प्रचार प्रसार करें, जिससे कि संगठन मजबूत हो और लोगों को सरकार की जनहितैषी नीतियों का लाभ मिल सके। इस मौके पर भाजपा नेता दीपक डागर ने कहा कि देश-प्रदेश में जहां मोदी-मनोहर सरकार हर वर्ग का समान विकास कर रही है वहीं फरीदाबाद में केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर के नेतृत्व में समूचे जिले में युद्धस्तर पर विकास कार्य चल रहे है, शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में जहां नई-नई सडक़े बनवाई जा रही है वहीं जिले के कनेक्टिटी को बेहतर बनाया जा रहा है, जिससे आने वाले समय में फरीदाबाद विकास की नई बुलंदियों को छूएगा।

## देश व विदेश के प्रख्यात कलाकार हर दिन कर रहे हैं पर्यटकों का मनोरंजन

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** सूरजकुंड की वादियों में 2 फरवरी से आगामी 18 फरवरी तक हरियाणा सरकार के पर्यटन विभाग की ओर से लगाए गए 37वें अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड हस्त शिल्प मेला में हर दिन प्रख्यात कलाकारों द्वारा नई-नई प्रस्तुतियां देकर पर्यटको का मनोरंजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा की कला अधिकारी थिएटर तानिया जी.एस. चौहान एवं कला अधिकारी



नृत्य सुमन डांगी की देखरेख में देश-विदेश के विभिन्न कलाकार अपनी गायन, नृत्य व हास्य कला शैली के माध्यम से छोटी चौपाल पर बैठे पर्यटकों का खूब मनोरंजन कर रहे हैं। छोटी चौपाल के करीब से गुजरने वाले पर्यटक लोक कलाकारों की मनहार प्रस्तुतियों को बेसुध होकर एकटक देखते हुए नजर आ रहे हैं। छोटी चौपाल पर एक ओर जहां मालावी देश से आए कलाकारों ने अपने देश की संस्कृति को नृत्य के माध्यम से दर्शाया। वहीं दूसरी ओर गुजरात प्रांत से आए कलाकारों ने डांडिया व मनिहारो रास के साथ-साथ टिपनी नृत्य की शानदान पेशकश से पर्यटकों का मन मोहा। हास्य कलाकार डा. राजीव ने अपनी हास्य कला से पर्यटकों को हसांकर लोटपोट कर दिया। हरियाणा की भगवती ग्रुप महिला लोकगीत मंडली ने सुंदर नृत्य कला का प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त सिंगर सुखदास व हरेंद्र सिंह की अगुवाई में पंजाब पुलिस बैंड ने पंजाबी फोक बैंड की भव्य प्रस्तुति दी। सुखदास ने पंजीबी गीत, शालू श्रीवास्तव ने कत्थक नृत्य और आंध्राप्रदेश के कलाकारों ने गोलगू नृत्य की आउटस्टेंडिंग प्रस्तुतियां देकर पर्यटकों को थिरकने पर विवश कर दिया। छोटी चौपाल पर हो रही मनमोहक प्रस्तुतियों के दौरान इंदू कपूर व राज आर्य ने कौशलपूर्वक मंच संचालन किया।

## फरीदाबाद से अयोध्या भगवान श्री राम मन्दिर दर्शन के लिए बस सेवा का हुआ शुभारंभ

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की पहल पर अयोध्या के लिए परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने रोडवेज बस को हरी झंडी दिखाकर आज रविवार को बल्लभगढ़ से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उनके साथ विधायक सीमा त्रिखा, विधायक नरेंद्र गुप्ता व अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने अयोध्या जाने वाली बस में सफर करते हुए कहा कि हरियाणा के हर जिला से अयोध्या के लिए बसों का संचालन किया जाएगा। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि जो लोग महंगे सफर की वजह से अयोध्या नहीं जा सकते थे। अब उन्हें इसके लिए सोचना नहीं पड़ेगा। क्योंकि रोडवेज की बस सस्ते में अयोध्या में भगवान राम के दर्शन करने के लिए सफर कराएगी। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि आम जन के लिए सरकार द्वारा परिवहन की सुविधा को ज्यादा से ज्यादा सुविधाजनक बनाने का प्रयास किया जा रहा है ताकि लोग अधिक से अधिक हरियाणा राज्य परिवहन विभाग की बसों का प्रयोग करें। उन्होंने आम जन से अपील करते हुए कहा कि हरियाणा राज्य परिवहन विभाग को देश में गरीब और मिडल क्लास लोगों को बेहतर यातायात सुविधाएं प्रदान करने का काम किया है। इस दौरान विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि हरियाणा सरकार और मुख्यमंत्री का यह एक एतिहासिक बड़ा फैसला है कि अयोध्या के लिए बस का संचालन किया जा रहा है। जिससे जनता को सीधी परिवहन विभाग की बस सेवा के जरिये अयोध्या भगवान श्री राम के दर्शन होंगे। विधायक सीमा त्रिखा ने भी मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सोच और परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा द्वारा शुरू की गई बस के लिए उनका धन्यवाद किया। बता दें कि किराया 960 रुपए है और यह बस सुबह 8=30 बल्लभगढ़ से प्रति दिन अयोध्या जायेगी। वहीं अयोध्या के लिए सफर कर रहे यात्रियों में भी खुशी देखी गई और हरियाणा सरकार की तारीफ करते हुए इस फैसले को सही बताते हुए जय श्री राम के नारे लगाते हुए नजर आए। परिवहन विभाग की बस में सफर करते हुए यात्री प्यारेलाल भारत कालोनी निवासी, सेक्टर 19 निवासी विजय कुमार,बल्लबगढ़ निवासी संजू राणा, यात्री कौशल दीक्षित भारत कालोनी सेक्टर 19 निवासी राजीव यात्री बल्लबगढ़ निवासी संजू राणा, कौशल दीक्षित भारत कालोनी निवासी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में और प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल व परिवहन विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने जनता को भगवान श्री राम मन्दिर में लल्ला के दर्शन के लिए अयोध्या बस सेवा शुरू करना सनातन धर्म के लोगों के लिए सराहनीय कदम है। उद्योगिक नगरी फरीदाबाद में सनातन धर्म के सभी लोगों के बस में जाकर अयोध्या में भगवान श्री राम के दर्शन होंगे । अयोध्या बस सेवा के शुभारंभ अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा,टिपरचंद शर्मा,हर प्रसाद गोड,जगत भूरा,प्रेम खट्टर,लखन बेनीवाल,नवीन चेची,मुकेश डागर,सुषमा यादव, महाप्रबंधक लेखराज सहित शहरवासी मोजूद रहे।















स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक दिनेश शर्मा द्वारा स्वास्तिका क्रिएशन, 19 डीएसआईडीसी शेड, स्कीम-3, ओखला फेस-II, नई दिल्ली-110020 से मुद्रित करवाकर मुख्य कार्यालय 19 डीएसआईडीसी शेड, स्कीम-3, ओखला फेस-II, नई दिल्ली-110020 से प्रकाशित किया।
पीआरबी एक्ट के अंतर्गत रचनाओं के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्यायक्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। फोन : 011-26386221 मो. : 9810635211 DCP Licencing No. F.2 (F-10) Press/2017 RNI No. - DELHIN/2017/76338